CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 326 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 21 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# शासन और सेवा हमारी सरकार की कार्य संस्कृति, जन कल्याण और विकास की नींव हुई मजबूत : सीएम शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 2 वर्ष के कार्यकाल में जनकल्याण और विकास की ऐसी मजबूत नींव तैयार की है जिसका लक्ष्य राजस्थान को अग्रणी राज्य बनाना है सभी वर्गों के कल्याण के साथ प्रदेश में आधारभूत ढांचे का विकास औद्योगिक विस्तार और युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार पर राज्य सरकार ने प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है सुशासन सेवा और संवेदनशीलता हमारी सरकार की कार्य संस्कृति बन चुकी है शर्मा शनिवार को भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन और विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की समस्या का समाधान समयबद्ध पारदर्शी और संवेदनशीलता के साथ हो इसी कड़ी में ग्रामीण और शहरी शिविर के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है इसी भावना के दृष्टिगत राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों का शुभारंभ भी किया था ग्र

## जीएसएस स्वास्थ्य केंद्र महाविद्यालय सहित विभिन्न कार्यों का कियालोकार्पण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान भीलवाड़ा में 322 करोड रुपए से अधिक राशि के 30 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया उन्होंने कहा कि इनमें से 22 करोड रुपए से अधिक की राशि के जीएसएस स्वास्थ्य केंद्र लैब विद्यालय महाविद्यालय और उप तहसील कार्यालय से जुड़े विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया है वहीं 300 करोड रुपए से अधिक राशि के विकास कार्यों की नींव रखी गई है उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2 वर्ष में भीलवाड़ा में 2900 करोड रुपए से अधिक के करीब 50000 कार्य किए हैं विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के निवासियों को 4000 करोड रुपए से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरिम की गई है 2 साल के विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के निवासियों को 4000 करोड रुपए से अधिक राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरिम की गई है



### 2 साल के हमारे काम पिछली सरकार के 5 साल से ज्यादा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने केवल 2 वर्षों में गत सरकार के 5 वर्षों से ज्यादा काम किया है हमारी सरकार ने 2 साल में प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता में 6363 मेगावाट क्षमता की वृद्धि की है जबकि गत सरकार ने 5 साल में सिर्फ 3952 मेगावाट क्षमता की ही बढ़ोतरी की उन्होंने कहा कि हमने गौशालाओं को 2 साल में 3433 करोड रुपए की सहायता दी जबकि गत सरकार पूरे 5 साल में केवल 3117 करोड रुपए की राशि ही दे सकी इसी प्रकार हमारी सरकार ने 2 साल में 1640 गांव को सड़कों से जोड़ा है जबकि पिछली सरकार ने 5 साल में केवल 1100 गांव को ही सड़कों से जोड़ पाई थी

### अधिकारी आमजन एक मंच पर समस्याओं का हो रहा समाधान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इन शिविर में जन सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं अब तक चार लाख 80 हजार से अधिक मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र 257000 पट्टा के वितरण के साथ ही 5 लाख फार्मर रजिस्ट्री भू राजस्व शुद्धिकरण और नामांतरण के प्रकरण विस्तारित किए गए हैं लगभग 325 000 पशु बीमा पॉलिसी जारी की गई और लगभग 14 लाख लोगों की टी बी की स्क्रीनिंग भी की गई इन शिविर के माध्यम से प्रशासन जनता के साथ एक ही मंच पर बैठकर समस्याओं का समाधान कर रहा है ग्र

### शिक्षा सड़क बिजली पानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में शिक्षा सड़क बिजली पानी चिकित्सा उद्योग रोजगार कृषि इत्यादि क्षेत्रों में ऐतिहासिक काम किए हैं प्रदेश को जल संपन्न बनाने की दिशा में राम जल सेतु लिंक परियोजना यमुना जल समझौता सहित विभिन्न परियोजनाएं प्रारंभ की गई है जल जीवन मिशन के तहत करीब 14 लाख ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है उन्होंने कहा कि 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति शुरू हो चुकी है और शेष जिलों में कार्य प्रगति पर है किसान सम्मन निधि के तहत 76 लाख 18000 किसानों को 10432 करोड रुपए की राशि स्थानांतरित की गई है गेहूं की खरीद पर 2025-26 में 150 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस भी दिया जा रहा है

### 296 भर्ती परीक्षाएं पारदर्शिता के साथ आयोजित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार की विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है लगभग 200 कार्मिकों को अनुशासनहीनता सहित विभिन्न प्रकरणों में निलंबित किया गया है तथा 34 मामलों में अभियोजन की स्वीकृति दी जा चुकी है उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान पेपर लिखकर मामलों में 138 मामले दर्ज कर कल 394 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है हमारे कार्यकाल में 296 भर्ती परीक्षाएं पारदर्शक ढंग से संपादित हुई एक भी परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रभावी नीतियों के फल स्वरुप प्रदेश की कानून व्यवस्था में भूतपूर्व सुधार आया है इससे पहले मुख्यमंत्री ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉल्स पर लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के चेक एवं दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की मुख्यमंत्री ने मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दो वर्षों में हुए विकास कार्यों की पुस्तिका का भी विमोचन किया ग्र कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा सांसद दामोदर अग्रवाल विधायक श्री चंद कृपलानी गोपाल लाल शर्मा गोपीचंद मीणा उदयलाल भड़ाना जबर सिंह सांखला लालाराम बेरवा अशोक कुमार कोठारी लादू लाल सहित विभिन्न जन प्रतिगढ़ एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे

## टिब्बी में एथेनॉल फैक्ट्री प्रबंधन ने फैक्ट्री स्थापित नहीं करने का लिया निर्णय, किसानों की हुई जीत



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी में राठी खेड़ा में इथेनॉल फैक्ट्री प्रबंधन ने अब फैक्ट्री स्थापित नहीं करने का अंतिम निर्णय ले लिया है फैक्ट्री प्रबंधन ने साफ कहा है कि अब यहां फैक्ट्री स्थापित नहीं की जाएगी क्योंकि कई अन्य राज्यों से उन्हें फैक्ट्री खोलने के ऑफर आ रहे हैं इसलिए अब दूसरे राज्यों में इस फैक्ट्री को स्थापित करने के बारे में विचार किया जा रहा है फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से फैक्ट्री नहीं खोलने के इस निर्णय से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर छा गई है क्योंकि इस फैक्ट्री को बंद करने को लेकर पिछले कई दिनों से किसान बड़ा आंदोलन छेड़े हुए थे गत 10 दिसंबर को आंदोलनकारी किसान इस फैक्ट्री परिसर में जबरन घुस गए थे जहां पर उन्होंने तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया था इस दौरान आंदोलनकारी किसान और पुलिस के बीच हिंसक भिड़ंत भी हुई थी जिसमें पुलिस और किसान घायल हुए थे बाद में पुलिस ने 100 से ज्यादा आंदोलनकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था इसमें कांग्रेस के विधायक अभिमन्यु पूनिया को भी आरोपी बनाया गया था लेकिन इसके बाद भी किसानों ने अपना आंदोलन जारी रखा पिछले दिनों हनुमानगढ़ की धान मंडी में किसानों की एक बड़ी महापंचायत आयोजित हुई थी एक तरफ आंदोलनकारी किसानों की महापंचायत आयोजित हो रही थी तो दूसरी तरफ पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारियों के साथ किसानों के प्रतिनिधिमंडल की बातचीत हुई जिसमें पुलिस और प्रशासन की ओर से किसान प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया गया कि पुलिस और प्रशासन की ओर से फैक्ट्री को बंद करने की सिफारिश सरकार को भेजी जाएगी लेकिन अब इथेनॉल फैक्ट्री प्रबंधन ने खुद ही फैक्ट्री डालने से साफ मना कर दिया है ।

## चुनाव से पहले पीएम मोदी ने की रणनीतिक बैठक, तैयारियों का लिया जायजा; रोड शो से सियासी संदेश

जयपुर टाईम्स

**गुवाहाटी (एंजेसी )**असम में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है, जिसको लेकर राज्यभर में सियासी गर्माहट तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शनिवार को असम में रैली और जनसभा के माध्यम से चुनावी रण में भाजपा का बिगुल फूंक दिया है। यहां पीएम मोदी ने भाजपा नेताओं से मुलाकात कर राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी की मजबूती पर चर्चा की। यह बैठक भाजपा के राज्य मुख्यालय वाजपेयी भवन, बासिष्ठा में हुई। बता दें कि करीब एक घंटे तक चली इस बैठक में पीएम मोदी ने नेताओं से पूछा कि सरकार की जनता के बीच कैसी छवि है और पार्टी संगठन कैसा काम कर रहा है। वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य अध्यक्ष नारायण बोरकोटकी ने कहा कि यह कोई औपचारिक बैठक नहीं थी। वह एक सदस्य की तरह हमसे बातचीत कर रहे थे। बैठक में उपस्थित एक अन्य नेता ने बताया कि पीएम मोदी ने मंच पर नहीं बैठकर सभी नेताओं के बीच बैठकर बातचीत की। उन्होंने खास तौर पर वरिष्ठ नेताओं की कुशल-क्षेम पूछी और चुनाव की तैयारियों पर ध्यान दिया। प्रधानमंत्री मोदी शाम को सारुसजई से 3.8 किलोमीटर लंबा रोड शो करने के बाद वाजपेयी भवन पहुंचे। वहीं राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने बताया कि यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री राज्य मुख्यालय का दौरा कर रहे हैं। बैठक में लगभग 280 नेता, जिसमें पूर्व और वर्तमान सांसद, मंत्री, विधायक और पूर्व राज्य अध्यक्ष शामिल थे, उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव श्रीनिवास ने विद्याधर नगर में शहरी एवं ग्रामीण शिविर का किया निरीक्षण और लोगों को पट्टा वितरण किया







### संभागीय आयुक्त पूनम और निगम के आयुक्त गौरव सैनी सहित अन्य अधिकारी भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास शनिवार को अचानक शहर के विद्याधर नगर में संपादित हो रहे शहरी एवं ग्रामीण शिविर में पहुंच गए अचानक मुख्य सचिव को शिविर में देखकर वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी चकित रह गए मुख्य सचिव शिविर में स्थापित एक-एक टेबल पर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए देखे गए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने वहां मौजूद लोगों से भी सिविल की व्यवस्थाओं के बारे में और उनकी समस्याओं के बारे में आवश्यक पूछताछ की लोगों से उन्होंने शिविर के बारे में अनुभव भी शेयर किया और पूछा कि उन्हें इस शिविर के माध्यम से राहत मिल रही है या नहीं लोगों ने शिविर को लेकर खुशी जताई और कहा कि इस तरह के शिविर अगर नियमित रूप से समय-समय पर आयोजित होते रहे तो लोगों की समस्याओं का ठीक तरह से समाधान होता रहे मुख्य सचिव ने शिविर में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से यह भी पूछा कि आप किस तरह से शिकायतों का संकलन करके उनका निस्तारण करते हैं निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में भी जनता से पूछा श्रीनिवास के साथ संभाग की आयुक्त पूनम और निगम के आयुक्त गौरव सैनी भी मौजूदरहे जानकारी के अनुसार विद्याधर नगर में सरकार के 2 साल पूरे होने के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस शिविर में पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, पेंशन, बैंक लोन, पट्टा वितरण ,जन आधार ,सीवरेज सफाई, इत्यादि समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग टेबल स्थापित की गई थी जहां पर अलग-अलग अधिकारियों और कर्मचारियों को लोगों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए थे पीड़ित लोगों की जीन शिकायतों का तुरंत निदान हो सकता है उन शिकायतों का त्वरित गति से शिविर में निस्तारण किया जा रहा था और जो शिकायत हाथों-हाथ हल नहीं हो सकती उन शिकायतों को बाकायदा अधिकारियों ने अपने पास सुरक्षित रख लिया है और अधिकारी पीड़ित व्यक्ति को यह भी बता रहे हैं कि इस वजह से इस शिकायत का अभी निस्तारण नहीं हो पाएगा शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों का पीड़ित लोगों से बहुत अच्छा व्यवहार नजर आया इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर पूरे प्रदेश भर में शहर और गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है श्रीनिवास ने कहा कि यहां पर उन्होंने खुद शिविर की व्यवस्थाओं का और लोगों से बातचीत भी की है वे खुद भी इस शिविर की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं और लोग भी संतुष्ट हैं लोगों की शिकायतों का समाधान हो रहा है किशन पोल इलाके में भी आयोजित हुआ शहरी एवं ग्रामीण शिविर : जयपुर के किशन पोल इलाके में भी सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई पानी बिजली सफाई जन आधार बैंक लोन पेंशन सीवरेज इत्यादि विषय से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे इसके अलावा कई लोग ऐसे भी थे जो पट्टा हासिल करने के लिए कई महीनो से निगम के चक्कर काट रहे थे लेकिन उनका काम नहीं हो पा रहा था जिन्होंने शिविर के माध्यम से भी लोगों ने अपनी पीड़ा को उजागर किया जानकार लोगों का कहना है कि इस तरह के शिविर का आयोजन पहले भी कई बार हुआ है लेकिन लोगों को ज्यादा रहता नहीं मिलती शिविर में अधिकारी लोगों की शिकायतों का संकलन तो कर लेते हैं लेकिन फिर उनके निस्तारण के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं होते जिसकी वजह से पीड़ित व्यक्ति बार-बार संबंधित विभाग के दफ्तर में चक्कर काटता रहता है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का किया अवलोकन



### बांसवाड़ा की तेजपुर ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ शिविर, मौके पर कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी पूर्व प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ विधायक कैलाश मीणा भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बांसवाड़ा जिले की तेजपुर ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर का अवलोकन किया और गतिविधियों की जानकारी हासिल की उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों की स्टॉल्स का अवलोकन कर अधिकारियों एवं कार्मिकों के कार्यों को दिखा उन्होंने कार्मिकों से बातचीत कर शिविर में आमजन की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और प्राप्त उपलब्धियां की भी जानकारी हासिल की इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तृत बातचीत की उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्या के समाधान के लिए हर स्तर पर योजना के अनुसार कार्य कर रही है इसी कड़ी में प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इन शिविर में लोगों के वर्षों से अटके हुए काम पूरे हो रहे हैं ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में सहमति विभाजन नामांतरण एवं रास्ते खुलवाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए जा रहे हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लोगों से आवाहन किया कि इन शिविरों का लाभ अवश्य उठाएं उन्होंने शिविर में विभिन्न समस्याओं के समाधान से संबंधित प्रमाण पत्र ग्रामीणों को वितरित किए तथा दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया मुख्यमंत्रीशर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के आवेदन कर्ताओं को लाभान्वित किया उन्होंने शिविर में दस्तावेज शुद्धिकरण से संबंधित प्रमाण पत्र भी वितरित किया मुख्यमंत्री ने ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में एक लाभार्थी परिवार को भूमि संबंधी सहमति विभाजन का दस्तावेज भी दिया इस पर लाभार्थियों ने कहा कि लंबे समय तक भूमि विवाद की वजह से बटवारा नहीं हो पाया था लेकिन शिविर में इस समस्या का त्वरित समाधान हुआ है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया शर्मा ने शिविर में ही नन्ही बालिका का अन्नप्राशन संस्कार भी करवाया ।

## शिक्षक ही समाज की दिशा और दशा दोनों तय करते हैं, चाणक्य ने एक बालक को सम्राट बना दिया: सीएम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बांसवाड़ा में आयोजित प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का महत्व हमारे जीवन को सार्थक बनता है गुरु ही राष्ट्र के निर्माता है गुरु समाज में दीपक की तरह काम कर रहा है आज स्वामी विवेकानंद जी की वाणी सही साबित हो रही है शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका वर्तमान में नजर आ रही है शिक्षकों को ही राष्ट्र निर्माता और भविष्य का निर्माता कहा जाता है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि शिक्षक ही आने वाली पीढ़ी को तैयार करता है चाणक्य ने एक सामान्य बालक को सम्राट बना दिया शिक्षक ही समाज की दिशा और दशा दोनों निर्धारित करते हैं राष्ट्र निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने के



लिए तैयार हो रही है उन्होंने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों के लिए पिछले 2 साल में राजस्थान सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं पहले चरण में राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण किया 177 महाविद्यालय भवन का निर्माण करवाया गया सभी संभाग मुख्यालय पर साइंस हाईटेक रूम बनाने का निर्माण प्रगति पर है कालीबाई स्कूटी योजना भी धरातल पर उतरकर स्कूल की बच्चियों का हौसला बढ़ा रही है स्मार्ट क्लासरूम भी प्रदेश भर में बनाए गए हैं कक्षा एक से आठ तक सभी बच्चों को सहायता राशि प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है पूरे प्रदेश में 330 करोड़ स्कूल के बच्चों को राशि आवंटित की गई है ग्र [6:26 श्रद्व, 20/12/2025] +91 78780 06063: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गांव में अटल ज्ञान केंद्र की स्थापना की जाएगी जहां पर गांव के युवक और युवती जो परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उन्हें काफी राहत मिलेगी गांव के होनहार बच्चों को विभिन्न तरह की परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर में नहीं आना पड़ेगा अटल ज्ञान केंद्र में बैठकर वे अपने घर के नजदीकी परीक्षा की तैयारी ठीक तरह से कर पाएंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षकों की समय-समय पर मांग पूरी की है हमारी सरकार और हम लोग राष्ट्र को पहले प्राथमिकता देते हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षक संघ की हर मांग पूरी करने के लिए तत्पर रहती है उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले विशिष्ट जनों प्रोफेसर वरिष्ठ शिक्षकों और बुद्धि वर्ग लोगों से अपील की की शिक्षा के क्षेत्र में और क्या क्या सुधार किया जा सकते हैं वह इसके बारे में अपनी सलाह और सुझाव समय-समय पर सरकार को देते रहें तो सरकार के लिए नीति और निर्णय बनाने में और आसानी रहेगी और सरकार शिक्षा के क्षेत्र में और अच्छे सुधार कर पाएगी जिससे शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा तैयार हुई है और नई शिक्षा नीति से देश भर में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है उन्होंने कहा कि एक जमाना था जब भारत के स्टूडेंट विदेश में जाकर विभिन्न विषयों की शिक्षा ग्रहण किया करते थे और आज कई देशों के स्टूडेंट भारत में आकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं यह जो क्रांतिकारी बदलाव आया है यह बदलाव केंद्र की मोदी सरकार की वजह से ही आया है उन्होंने कहा कि राजस्थान में भी शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है कोटा जैसे शहर में भारत के कोने-कोने से स्टूडेंट विभिन्न तरह के हाई प्रोफाइल कोर्स की तैयारी करने के लिए लाखों की संख्या में हर साल आते हैं सीकर, जयपुर और प्रदेश भर में कई बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी, कॉलेज, टेक्निकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज,मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज इत्यादि शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना से राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी स्टेट की सूची में शामिल है पिछले 2 साल में स्कूल शिक्षा के ढांचे को भी मजबूती प्रदान करने में सरकार ने कई तरह के बड़े निर्णय लिए जिसकी वजह से छात्रों को काफी राहत मिली है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा उद्योग कृषि रोजगार कानून व्यवस्था इत्यादि सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए हैं चुनाव के दौरान संकल्प पत्र के करीब 70 प्रतिशत वादे या तो पूरे कर दिए गए हैं या फिर प्रक्रिया में चल रहे हैं इसी तरह से अब तक जो बजट जारी किए गए हैं उन बजट घोषणाओं में भी 73 प्रतिशत घोषणाएं या तो पूरी कर दी गई है या फिर प्रक्रिया में चल रही हैं उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित शिक्षकों से आवाहन किया कि हम सबके सम्मिलित प्रयास से ही प्रदेश और देश और मजबूत हो सकता ।

CMYK

# नाइजीरिया के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने वाटरशेड के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की ली जानकारी

### प्रतिनिधिमंडल को वाटरशेड के क्षेत्र में उपलब्धियां से करवाया रूबरू

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार के सहयोग से वाटरशेड विकास में राजस्थान की पहलों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में एनजी-केयर्स कार्यक्रम से जुड़े नाइजीरिया के 32 वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अलवर जिले के वाटरशेड कार्यक्रमों का दौरा किया तथा जिला परिषद में आयोजित कार्यशाला में अभिनव पहलों के बारे में जानकारी ली। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल समावेशी, टिकाऊ और अनुकूल सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों पर अध्ययन हेतु दौरे पर है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुंखे गौरव रवीन्द्र ने पीएमकेएसवाई वाटरशेड घटक, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, जल संचय- जन भागीदारी (जेएसजेबी) अभियान की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा की, इसके अलावा अतिरिक्त निदेशक निर्मला ने जिले में जल संरक्षण प्रयासों एवं सुशीला यादव ने इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिक उपकरणों पर प्रस्तुति दी। प्रतिनिधिमंडल को वाटरशेड योजना, जल बजट और चार-जल अवधारणा के तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई जो राजस्थान के दृष्टिकोण की नींव है। जिला परिषद सीईओ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल की यात्रा एकीकृत ग्रामीण विकास, जलवायु-लचीलापन, वाटरशेड प्रबंधन और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवा वितरण में अपने अनुभव को साझा करने की राजस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। प्रतिनिधियों ने राजगढ़ ब्लॉक के गांवों में बने चेक डेम, परकोलेशन टैंक, फार्म तालाबों जैसे ताला, लोसाल, घेवर, बीघोटा, नारायणपुर, सुलीबास के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और एमजेएसए के वाटरशेड घटक के तहत विभिन्न जल संचयन संरचनाओं का दौरा किया और ग्रामीणों के साथ बातचीत की कर उनके अनुभव जाने। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने राजस्थान के क्षेत्र-स्तरीय नवाचार, सामुदायिक भागीदारी मॉडल और ग्रामीण विकास में अभिसरण प्रयासों की प्रशंसा की।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा की उपलब्धियां

जिला परिषद सीईओ ने वाटरशेड कार्यक्रमों के तहत प्रमुख उपलब्धियों में राज्य भर में 2.5 लाख जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, 16 जिलों में परियोजना क्षेत्रों में भूजल स्तर में औसत 4.66 फ़ीट की वृद्धि, 1 लाख हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि को फसल भूमि में परिवर्तन, सिंचित क्षेत्र में 24.9' की वृद्धि और कुल फसल वाले क्षेत्र में 20.2' की वृद्धि तथा 63.64' निष्क्रिय हैंड पंपों का पुनरुद्धार और पानी के टैंकर ट्रिप में 56.13' की कमी शामिल है। इसके अतिरिक वैज्ञानिक योजना के लिए उच्च-रिज़ॉल्यूशन ड्रोन डेटा (5 सेमी रिज़ॉल्यूशन) के साथ जीआईएस और रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकियों का उपयोग, एकीकृत मोबाइल और वेब अनुप्रयोगों के माध्यम से वास्तविक समय भू-टैग की निगरानी, एमजीएनआरईजीएस सहित कई विभागों और फंडिंग स्रोतों का अभिसरण, राज्य से ग्राम पंचायत स्तर तक मज़बूत संस्थागत तंत्र एवं नक़द और तरह के योगदान के रूप में प्राप्त 110 करोड़ रुपये के साथ सामुदायिक भागीदारी इत्यादि उपलब्धियां की जानकारी दी।

## गोपाल सिंह नरूका सर्वसम्मति से राजपूत सभा जिला अलवर के बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राजपूत सभा अलवर का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी एडवोकेट अजय राज शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर चुनाव कार्यक्रम अनुसार प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कुल 6 लोगों ने नामांकन दाखिल किया जिसमें से शिवओम सिंह तॅवर, बृजेन्द्र सिंह बबेली, दशरथ सिंह शेखावत, इन्दर सिंह व बहादुर सिंह ने स्वेच्छा से नाम वापस लिए जिसके बाद सभी की सहमति से गोपाल सिंह नरूका को विजय प्रत्याशी घोषित किया गया। इस दौरान समाज के गणमान्य व्यक्ति शिव ओमसिंह तॅवर, बहादुर सिंह चौहान, इन्दर सिंह तॅवर, दशरथ सिंह शेखावत, सूरज भान सिंह गौड, पृथ्वी सिंह चौहान, बृजेन्द्र सिंह बबेली, दीपक सिंह तॅवर, रमेश सिंह चौहान, मानसिंह बालेटा, बजरंग सिंह नरूका, राहुल सिंह बालेटा, मानसिंह कसोदा, धर्मेन्द्र सिंह नरूका, महीपाल सिंह, राजेश सिंह बहाली उपस्थित रहे। साथ ही इस दौरान सर्व समाज ने राजपूत सभा भवन में संकल्प लिया कि अलवर राज्य के संस्थापक राव प्रताप सिंह की प्रतिमा की स्थापना शीघ्र करवाई जायेगी। नव नियुक्त अध्यक्ष गोपाल सिंह नरूका ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर आभार जताया और आश्वासन दिया कि जल्द ही अलवर राज्य के संस्थापक राव प्रताप सिंह की प्रतिमा स्थापित करवाई जायेगी।

## ढाई हजार कपड़ों का, मरीजों और परिजनों को पौष्टिक खिचड़ी वितरण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन और डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से शनिवार को अलवर के राजकीय सामान्य चिकित्सालय परिसर में सुदूर गांवों से आए मरीजों के परिजनों को गर्म तथा सामान्य ढाई हजार कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मरीजों ओर उनके परिजनों के लिए पोष्टिक गर्म खिचड़ी सुबह के नाश्ते में बांटी गई। सामान्य चिकित्सालय में नेक कमाई की ओर से संरक्षक दौलत राम हजरती, मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, सौरभ कालरा, कार्यक्रम संयोजक रेखा महलावत, सौर गायत्री परिवार से प्रतिभा सिंह सहित डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की टीम के सदस्यों ने कपड़े वितरित किए और खिचड़ी बांटी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका रेखा महलावत ने कहा कि आगामी दिनों में सामान्य चिकित्सालय में मरीजों को उनके बेड पर ही गर्म शॉल महिलाओं को दी जाएंगी तथा परिसर में गर्म कपड़े वितरित होंगे। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि इस सर्दी में कंबल और शॉल वितरित करने का अभियान शुरू हो गया है। युवा समाजसेवी सौरभ कालरा ने कहा कि यदि आपके पास गर्म उपयोगी कपड़े हैं तो इसकी सूचना हमें दे जिससे हम जरूरतमंदों तक उसे पहुंचा सके। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में डा. आशुतोष शर्मा, प्रवीन बत्रा आदि उपस्थित थे।

## कैंपस प्लेसमेंट शिविर का आईटीआई किशनगढ़बास में होगा आयोजन 23 को

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राजकीय औद्योगिक टीवीप्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) किशनगढ़बास में जिला रोजगार कार्यालय, खैरथल-तिजारा के सहयोग से दिनांक 23 दिसंबर को एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से संस्थान परिसर में आयोजित होगा। इस शिविर में GENUS Power Infrastructure Limited (GENUS - Energizing Lives) कंपनी द्वारा भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आईटीआई ट्रेड - इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन एवं फिटर के साथ-साथ डिप्लोमा एवं बी.टेक उत्तीर्ण भूतपूर्व प्रशिक्षणार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट किया जाएगा। संस्थान प्रशासन द्वारा समस्त इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने मूल शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्थान में उपस्थित होकर कैंपस प्लेसमेंट शिविर में भाग लें और रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।

## जिला अभिभाषक संघ को मिला नया मीडिया प्रभारी

### हेमन्त कुमार एडवोकेट होंगे सत्र 2025-26 के लिए मीडिया प्रभारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 20 दिसम्बर 2025 को संघ अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संघ के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं मीडिया में प्रभावी उपस्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संघ की गतिविधियों, निर्णयों, कार्यक्रमों एवं आधिकारिक पक्ष को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सशक्त रूप से प्रस्तुत करने हेतु सत्र 2025-26 के लिए हेमन्त कुमार एडवोकेट (रजिस्ट्रेशन नम्बर ₹/5058/2023) को जिला अभिभाषक संघ का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया जाए। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। संघ अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में संघ की गरिमा, नीतियों और अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को सही और तथ्यात्मक रूप से सामने लाने के लिए सक्षम एवं सक्रिय मीडिया प्रभारी की आवश्यकता थी। हेमन्त कुमार एडवोकेट इस दायित्व के लिए उपयुक्त हैं और उनसे संघ को सकारात्मक व प्रभावी संवाद की अपेक्षा है। मीडिया प्रभारी के रूप में हेमन्त कुमार एडवोकेट संघ और मीडिया के बीच सेतु का कार्य करेंगे तथा संघ का अधिकृत पक्ष जिम्मेदारी के साथ प्रस्तुत करेंगे। कार्यकारिणी ने विश्वास जताया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और सक्रियता के साथ करेंगे। संघ की इस नियुक्ति को अधिवक्ता समुदाय में एक महत्वपूर्ण निर्णय के रूप में देखा जा रहा है, जिससे जिला अभिभाषक संघ की आवाज और अधिक मजबूती के साथ समाज एवं शासन तक पहुंचेगी।

## अलवर से श्रमिक हुंकार रैली जयपुर में पहुंचेगे भारतीय मजदूर संघ के हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ता 26 को

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** महासंघ के महामंत्री राहुल चौधरी ने बताया की राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ अलवर के जिलाध्यक्ष पुष्पराज शर्मा की अध्यक्षता में भारतीय मजदूर संघ के सभी संगठनों की राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय अलवर में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 26 दिसंबर 2025 को भारतीय मजदूर संघ राजस्थान के द्वारा जयपुर में आयोजित श्रमिक हुकांर रैली जो कि गवर्नमेंट हास्टल. शहीद स्मारक से सिविल लाइन फाटक तक आयोजित की जावेगी जिसमें अलवर से हजारों की संख्या में जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें तीन बस आइसोलेशन वार्ड राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय अलवर से तथा सभी ब्लाको से निजी साधनों से जाने का प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान मंत्रालियक कर्मचारी परिषद के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश तिवाड़ी का सभी ने स्वागत किया। बैठक मे पीयूष पंडित जाडला, प्रदेश मंत्री महासंघ, धीरेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, नंदलाल गुर्जर जिलाध्यक्ष मंत्रालियक कर्मचारी परिषद, विशाल शर्मा, जिलाध्यक्ष बिजली विभाग, अशोक शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष बिजली विभाग, चन्द्रपुनीत शर्मा संगठन मंत्री, मोहनसिह चौधरी सहसंगठन मंत्री, के के शर्मा उधोग विभाग, कुणाल तिवाडी, डालचंद मिश्रा महामंत्री BMS, जितेन्द्र मोदी, नवीन अग्रवाल, नारायण चौधरी, योगेश नेहरा, रमेश सैनी, सचिन तिवाड़ी, भारत जोशी, सर्वेश वत्स, विमल सैनी, राजीव लोचन सहित अनेको कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## विधायक के नेतृत्व में बहरोड़ क्षेत्र के गावों में विकास रथ यात्रा जारी

### गुर्जरवास में विधायक द्वारा विधायक कोष से कि सड़क निर्माण की घोषणा

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस से संवाद करते हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से राजस्थान में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुँचाने के लिए विकास रथ यात्रा जारी है। इसी अभियान में जैनपुरवास, गुर्जरवास और नांगलिया में डॉ. यादव के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान कल्याण, युवा और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाई गई। गुर्जरवास में आयोजित जनसंवाद में डॉ. जसवंत सिंह यादव ने गांव की बुनियादी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सीमेंट इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य के लिए विधायक कोष से ?14 लाख की घोषणा की। उपस्थित ग्राम वासियों ने इस घोषणा का स्वागत किया और डॉ जसवंत यादव को धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉ. जसवंत सिंह यादव ने कहा कि बीते दो वर्षों में प्रदेश ने ठोस प्रगति की है। किसानों की स्थिति मज़बूत हुई है और क्षेत्र में रोजगार व निवेश के नए अवसर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने राजस्थान को विकास की नई पहचान दी है। उन्होंने ये भी भरोसा दिलाया की क्षेत्र में निरंतर जारी विकास के कार्यक्रम चलते रहेंगे और बहरोड़ को एक बेहतरीन रूप से विकसित क्षेत्र बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। इस कार्यक्रम में जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड प्रियंका गोस्वामी, एस.डी.एम. रामकिशोर मीणा, विधानसभा प्रभारी सजन मिश्रा, सरोज बस्तीराम प्रधान, सीताराम यादव चौयरमैन नगर परिषद बहरोड, राजेश फौजी मण्डल अध्यक्ष बर्डाद, शिवचरण गुरूजी, संजय मीर, रामफल गुर्जर सरपंच, अनिल बोहरा, ईश्वर गुर्जर, मन्नू सैनी, सुभाष यादव, नरेन्द्र यादव, कर्मवीर यादव सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छात्रों के हाथों बने व्यंजनों की धूम, स्कूल में फूड फेस्टिवल



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** ग्लोबल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को फूड फेस्टिवल कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छता और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करना रहा।फूड फेस्टिवल के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के खाने-पीने के स्टॉल लगाए। इन स्टॉल्स पर चाट, सैंडविच, भेल, पकौड़ी, फल सलाद और फल क्रीम जैसी स्वादिष्ट व आकर्षक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने व्यंजन तैयार करने से लेकर परोसने तक स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा। विद्यार्थियों ने न केवल अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन किया। बल्कि स्टॉल्स को सृजनात्मक ढंग से सजाकर अपनी कला और हुनर का भी परिचय दिया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और टीमवर्क की भावना को मजबूत किया गया। फूड फेस्टिवल में समाज के लोग व अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी सराहना की। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें सामूहिक रूप से कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ। विद्यालय संस्था प्रधान बालकिशन गेहलोत ने फूड फेस्टिवल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक कौशल, टीम भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का विकास करते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर यह फूड फेस्टिवल विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि उन्हें आत्ममूल्यांकन और नए कौशल सीखने का भी अवसर प्रदान कर गया। इस अवसर पर अभिभावक, अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

## अभिभाषक संघ नाँवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कार्यकारिणी का सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स



**नाँवाशहर(निस)।** अभिभाषक संघ नाँवा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कार्यकारिणी का शपथ व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमावत एडवोकेट सहित कार्यकारिणी सदस्यों को विधिवत शपथ दिलाई गई और माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपाध्यक्ष अमरचंद पंवार एडवोकेट व दातार सिंह राठौड़ एडवोकेट, सचिव दीपेंद्र सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष मोहनलाल कुमावत एडवोकेट, पुस्तकालय अध्यक्ष जयराम मुंडोतीया एडवोकेट व मीडिया प्रभारी अशोक सैनी एडवोकेट ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजे कुचामन सुंदरलाल खारोल व एसीजेएम नाँवा धर्मेंद्र सिंह जाखड़ रहे। विशिष्ट अतिथियों में अभिभाषक संघ नाँवा के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सिंह शेखावत, देवी सिंह सोलंकी व महावीर प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए अभिभाषक संघ की गरिमा व न्यायिक कार्यों में सकारात्मक भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने नगर विकास न्यास एवं नगर निगम कार्यालय में शहरी समस्या समाधान शिविर का किया अवलोकन

### लंबित प्रकरणों एवं शिविर में आने वाले प्रकरणों का समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के दिए निर्देश

### शिविरों का जागरूक रहकर लाभ उठाने अलवर को प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छ शहर बनाने की कि अपील

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को नगर निगम एवं नगर विकास न्यास कार्यालय में राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित शहरी समस्या समाधान शिविर का अवलोकन कर आमजन से संवाद किया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टे एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। वन राज्यमंत्री शर्मा ने शिविरों में लगाई गई स्टॉलों का गहन निरीक्षण कर शहरवासियों को दी जा रही सुविधाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों एवं शिविर में आने वाले प्रकरणों का नियमानुसार शिविर की अवधि के दौरान ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के माध्यम से दी जा रही छूटों का लाभ अंतिम पंक्ति तक के व्यक्तियों तक पहुंचाने हेतु शिविरों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर आमजन को इनका लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ गुड गर्वनेंस के तहत आमजन को नागरिक सेवाएं सुगमता से व एक ही छत के नीचे पहुंचाने के उद्देश्य से निरन्तर शिविर लगाकर आमजन के मूलभूत कामों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चल रहे ये अभियान एवं योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने और आमजन को वास्तविक लाभ प्रदान करने की दिशा में एक जन कल्याणकारी कदम है। यह शिविर न केवल सुविधाओं को सुलभ बना रहे हैं अपितु नागरिकों के विश्वास और प्रशासन की पारदर्शिता को भी और मजबूत कर रहे हैं।

उन्होंने उपस्थित नागरिकों से कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष के सफलतम कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आमजन की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अतः इन शिविरों का जागरूक रहकर लाभ उठावे। उन्होंने आमजन से आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में अलवर शहर को और अच्छी रैंक प्राप्त करने के लिए नगर निगम का सहयोग करने एवं अपने आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त तथा साफ-सुथरा रखने की अपील की। इसके उपरान्त वन राज्यमंत्री ने नगर विकास न्यास कार्यालय में लगाए गए शहरी समस्या शिविर के निरीक्षण के दौरान शिविर को कमरों में ही लगता देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए शिविर को कार्यालय परिसर में बाहर लगाने के निर्देश दिये, जिससे आमजन को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान उन्होंने दोनों शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टे एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। साथ ही शिविर में लगाए गए सेल्फी पॉइंट में सेल्फी भी ली।

### आमजन की परिवेदनाएं सुनकर दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

वन राज्यमंत्री शर्मा ने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके मौके पर ही परिवेदनाओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को परिवेदनाओं को बार-बार चक्कर नहीं लगाने पडे, इसके लिए परिवेदनाओं का यथासंभव गुणवत्ता के साथ निराकरण कर फरियादी को सूचित करें। इस दौरान नगर विकास न्यास की सचिव धीगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## दो माह की बेटी के साथ महिला ने ट्रेन के आगे खुद कर जान दी

### मेजा बांध में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दोसा जिले में मंडावर में पुराना रेलवे फाटक के पास एक महिला अपनी दो मां की बेटी के साथ ट्रेन के आगे कूद गई जिससे महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची मां बेटी की लाश को कब्जे में कर मामले कीजांच शुरू की । पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक महिला की पहचान हल देना गांव निवासी गीता के रूप में हुई है पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि घर में क्लेश होने की वजह से गीता ने आत्महत्या करने का कदम उठाया फिलहाल खबर लिखे जाने तक मृतक महिला के ससुराल पक्ष के लोग मौके पर नहीं आए थे पुलिस ने पीहर पक्ष के लोगों को भी अवगत करवा दिया है एक अन्य मामले में प्रदेश के भीलवाड़ा जिले में मांडल स्थित मेजा बांध में एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिलने के बाद सनसनी फैल गई पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश को बंद से बाहर निकाल मृतक की पहचान भीलवाड़ा निवासी नरेंद्र के रूप में हुई है मामला आत्महत्या का है या फिर किसी ने हत्या करके नरेंद्र की बॉडी को बांध में फेंका है या फिर यह हादसा है इन सब तथ्यों की पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है मृतक के निकट के परिजनों रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है मृतक कब से घर से लापता था मृतक के मोबाइल फोन इत्यादि के बारे में भी जांच पड़ताल की जा रही है प्रत्येक की किसी से दुश्मनी या मनमुटाव तो नहीं था इसके बारे में भी पुलिस आवश्यक पूछताछ कर रही है पुलिस का कहना है कि फिलहाल इस मामले में कुछ नहीं कहा जा सकता अभी लाश का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ सकेगी।

## तस्करों से 10 करोड़ रुपए कीमत के अवैध मादक पदार्थ बरामद, एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस भी जप्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में हनुमानगढ़ जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो तस्करों से करीब 10 करोड रुपए कीमत के अवैध मादक पदार्थ बरामद किए हैं तस्करों से एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं गिरफ्तार अभियुक्त रमेश चंद्र लोहावट थाने का घोषित आदतन अपराधी है इसके अलावा एक अन्य अभियुक्त संतोष है गिरफ्तार अभियुक्तों से 6 किलो 117 ग्राम एमडी ड्रग्स और 3 किलो 11 ग्राम अफीम बरामद की गई है पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों से भारी मात्रा में बरामद किए गए अवैध मादक पदार्थ से प्रतीत होता है कि दोनों अभियुक्त किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय ग्रुप से जुड़े हुए हो सकते हैं इसलिए गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विभिन्न संपर्क सूत्रों के बारे में आवश्यक जानकारी जुटाए जा रही है अवैध मादक पदार्थ कहां से और किन लोगों से लेकर आए थे और इस अवैध मादक पदार्थ को कहां और किन लोगों को सप्लाई करने का प्लान था इसके बारे में पूछताछ की जा रही है इसके अलावा गिरफ्तार दोनों अभियुक्त इस धंधे से कब से जुड़े हुए हैं और अब तक कहां-कहां किन-किन लोगों को अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई कर चुके हैं इसके अलावा यह मादक पदार्थ उन्हें कैसे और किस तरह से हासिल होते हैं इनके पेमेंट का क्या तरीका होता है इन सब के बारे में पुलिस गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है पुलिस को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त के संपर्क सीमा से बाहर बैठे लोगों से भी हो सकते हैं क्योंकि श्री गंगानगर हनुमानगढ़ जिला पाकिस्तान की सीमा से जुड़ा हुआ है और पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई होने की संभावनाएं अब ज्यादा जताई जा रही है इसलिए इन दोनों तस्कर से होने वाली पूछताछ में कई बड़ी जानकारियां पुलिस को मिल सकती है।

## उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने RPNS फ्रेंडली क्रिकेट मैच-2025 के बैनर का किया अनावरण




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार के '2 साल नव उत्थान, नई पहचान। बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान' अभियान तथा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों की निरंतरता में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के तत्वावधान में राजस्थान परिवहन निरीक्षक संघ द्वारा आयोजित RPNS फ्रेंडली क्रिकेट मैच-2025 के बैनर का अनावरण उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने 20 दिसंबर 2025 को सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर किया। संघ अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर संघ के खेल प्रबंधक एवं सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ यशपाल शर्मा तथा आरटीओ जयपुर सेकंड के कप्तान दिनेश सिंह फौजदार भी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने सभी प्रतिभागियों को मैच कैप पहनाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता के इस प्रयास की सराहना की और शुभकामनाएं दीं। चौधरी के अनुसार, मैच के मुख्य अतिथि स्पेशल पुलिस कमिश्नर जयपुर राहुल प्रकाश और डीसीपी क्राइम जयपुर अभिजीत सिंह रहेंगे। यह आयोजन परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की सचिव शुचि त्यागी के मार्गदर्शन तथा आयुक्त पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा सुझाई गई सड़क सुरक्षा रूपरेखा के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। यह मैच 21 दिसंबर 2025 (रविवार) को नैना क्रिकेट अकादमी, जगतपुरा, जयपुर में होगा। इसमें फार्मट्रैक ट्रैक्टर्स (एस्कॉर्ट्स ग्रुप) और उषा मोटर्स, भांकरोटा का सहयोग तथा सीके बिरला-रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा मेडिकल एवं स्वास्थ्य सहयोग दिया जाएगा। आयोजन के माध्यम से Fit Officers - Safe Roads - Strong Rajasthan' का संदेश आमजन तक पहुंचाया जाएगा। विजेता टीम का अगला मुकाबला 28 दिसंबर को विभागीय मुख्यालय टीम के साथ खेला जाएगा।

## स्वेटर वितरण कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** वाहिदपुरा गांव में समाजसेवी दीपेंद्र सिंह शेखावत की स्मृति में रविवार को स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किए जाएंगे। नरेंद्र सिंह ने बताया कि दीपेंद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर निवास स्थान पर सुबह साढ़े दस बजे श्रद्धांजलि सभा होगी। उसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा के सभी बच्चों को स्वेटर व फल वितरित किए जाएंगे।

# खींवसर विधायक रेवंत राम के जवाब से भाजपा संतुष्ट नहीं, पार्टी की अनुशासन समिति करेगी जांच

### विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी का मामला, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ जवाब से संतुष्ट नहीं



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विधायक निधि फंड में गठित कमीशन खोरी के आरोप में फंसे भारतीय जनता पार्टी के नागौर जिले की खींवसर विधानसभा सीट के विधायक रेवंत राम के जवाब से भारतीय जनता पार्टी संतुष्ट नहीं है अब पार्टी ने कमीशन खोरी के इस मामले को पार्टी की अनुशासन समिति को जांच के लिए प्रस्तुत किया है अब अनुशासन जांच समिति इस मामले से जुड़े प्रत्येक बिंदु की गहनता से जांच पड़ताल करेगी और उसके बाद अंतिम रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौर को प्रेषित करेगी इसके बाद अनुशासन समिति की रिपोर्ट से पार्टी हाई कमान को भी अवगत करवाया जाएगा पार्टी हाई कमान के निर्देश के अनुसार प्रदेश भाजपा पूरे मामले में आरोपी विधायक के खिलाफ कार्रवाई करेगी पिछले दिनों प्रदेश भाजपा की ओर से विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी के मामले में खींवसर के विधायक रेवंत राम का नाम सामने आने के बाद पार्टी ने रेवंत राम को नोटिस भेज कर 3 दिन में नोटिस का जवाब देने को कहा था जिसका जवाब रेवंत राम ने प्रदेश भाजपा को दे दिया है लेकिन प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि रेवंत राम के जवाब से पार्टी संतुष्ट नहीं है राठौर ने यह बात भी स्वीकार की की रेवंत राम का जवाब तो आया है लेकिन जवाब से पार्टी असंतुष्ट है इसलिए इस मामले को अब पार्टी के अनुशासन समिति को भेजा गया है अनुशासन समिति इस मामले से जुड़े प्रत्येक बिंदु की जनता से जांच पड़ताल करके अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक दैनिक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में प्रदेश के तीन विधायकों के विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी में लिप्त होने की बात सामने आई थी जिन तीन विधायकों के कमीशन खोरी में शामिल होने की बात सामने आई उनमें कांग्रेस विधायक अनीता जाटव निर्दलीय विधायक रितु और भारतीय जनता पार्टी की विधायक रेवंत राम थे इसके बाद कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अनीता जाटव को नोटिस भेज कर जवाब मांगा था तो प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रेवंत राम को नोटिस भेज कर जवाब मांगा था जिस पर रेवंत राम ने प्रदेश भाजपा को अपना जवाब तो दे दिया लेकिन उनके जवाब से पार्टी संतुष्ट नहीं है इस मामले में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी विधानसभा की सदाचार कमेटी को यह पूरा मामला जांच के लिए सोप है विधानसभा के सदाचार कमेटी की ओर से इन तीनों विधायकों के कमीशन खोरी में लिप्त होने के पूरे मामले की जांच पड़ताल की जाएगी सदाचार कमेटी ने इन तीनों विधायकों को नोटिस भेज कर कमेटी के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए थे जिस पर 19 दिसंबर को ही इन तीनों विधायकों ने उपस्थित होने के लिए कुछ समय मांगा था जिस पर सदाचार कमेटी ने इन तीनों विधायकों को समय भी दिया है लेकिन जिस तरह से तीनों विधायकों ने सदाचार कमेटी के समक्ष उपस्थित होने के लिए समय मांगा है उसके बाद लोगों में चर्चा है कि कहीं ना कहीं कानून से जानकार लोगों से राय लेने के बाद ही तीनों विधायक सदाचार कमेटी के समक्ष उपस्थित होंगे इसलिए कहीं ना कहीं तीनों विधायक कानून से जानकारी लोगों से शायद आवश्यक सलाह ले रहे हैं इसीलिए तीनों विधायकों ने समय मांगा है इसी मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव से इस पूरे मामले की स्तरीय जांच करवाने के निर्देश दिए थे इसलिए तीनों विधायकों को अब अलग-अलग जांच समितियां के समक्ष उपस्थित होकर अपनी स्थिति इस पूरे मामले में स्पष्ट करनी पड़ेगी जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान विधानसभा के सदाचार कमेटी की ओर से अगर यह तीनों विधायक दोषी पाए जाते हैं तो फिर निश्चित रूप से इन तीनों विधायकों की सदस्यता भी खतरे में पड़ जाएगी और कहीं ना कहीं उनकी सदस्यता रद्द हो सकती है इसके बाद इन तीनों सीटों पर फिर से उपचुनाव हो सकते हैं फिलहाल सदाचारकमेटी इस मामले को गंभीरता से देख रही है सदाचार कमेटी के अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने साफ कहा है कि मामला काफी गंभीर है और मामले से जुड़े प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जाएगी जांच में जो भी बात निकाल कर सामने आएगी उसकी संपूर्ण रिपोर्ट तैयार करके राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष को प्रस्तुत की जाएगी ।

## जब तक किसानों के दर्ज मुकदमे वापस नहीं होंगे आंदोलन जारी रहेगा, लेटर जारी करें सरकार : पूर्व विधायक बलवान पूनिया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** विभिन्न न्यूज़ चैनल में एथेनॉल फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से फैक्ट्री नहीं लगाने के निर्णय की खबर को लेकर आंदोलनकारी किसान असमंजस की स्थिति में है हालांकि फैक्ट्री प्रबंधन ने पत्रकारों से फोन पर बातचीत के दौरान फैक्ट्री स्थापित नहीं करने के बारे में साफ कह दिया है पत्रकारों ने जब फैक्ट्री प्रबंधन से इस आशय का कोई लेटर जारी करने की बात कही तो फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कहा गया कि इस आशय का लेटर जिला कलेक्टर की ओर से ही जारी होगा लेकिन खबर लिखे जाने तक जिला कलेक्टर की ओर से फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से फैक्ट्री स्थापित नहीं करने संबंधी कोई लेटर जारी नहीं किया गया था इसलिए आंदोलनकारी किसान असमंजस की स्थिति में है उधर पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने साफ कहा है कि अगर फैक्ट्री प्रबंधन फैक्ट्री स्थापित नहीं कर रहा है तो सरकार को इसके बारे में जल्दी से जल्दी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और लेटर जारी करके आंदोलनकारी किसानों को विश्वास में लेना चाहिए बलवान पूनिया ने यह भी कहा कि जब तक किसानों के दर्ज मुकदमे वापस नहीं होंगे तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा कि सरकार को इस मामले में गंभीरता दिखानी चाहिए और जो भी सच्चाई है उसको सामने लाना चाहिए उन्होंने कहा कि इथेनॉल फैक्ट्री को लेकर जो भी खबरें चल रही है इसको लेकर किसान असमंजस की स्थिति में जरूर है लेकिन किसानों का साफ कहना है कि इस मामले में दर्ज किए गए मुकदमे जब तक वापस नहीं होंगे तब तक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा हालांकि आंदोलनकारी किसान शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं पिछले दिनों किसान नेताओं की पुलिस और प्रशासन से जुड़े नेताओं से जो बातचीत हुई थी उसमें किसान नेताओं की ओर से किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने की मांग भी थी इसलिए अगर एथेनॉल फैक्ट्री शुरू नहीं होती है तब भी यह किसान आंदोलन फिलहाल चालू रहेगा क्योंकि मुकदमों को लेकर सरकार की ओर से अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि इस पूरे मामले में जल्दी ही सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट की जा सकती है अब देखने वाली बात यह है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने तो फैक्ट्री नहीं लगाने का निर्णय लिया है लेकिन सरकार किसानों के दर्ज मुकदमे वापस लेगी या नहीं इस विषय को लेकर डाउट की स्थिति बनी हुई है इसीलिए पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने कहा है कि सरकार को जल्दी से जल्दी किसान नेताओं की सभी डिमांड पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए ।

## 23 को बिरला सभागार में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी रहेंगे मौजूद

### सुरेंद्र शर्मा हरिओम पवार जैसे दिग्गज राष्ट्रीय कवि प्रस्तुत करेंगे अपनी कविताएं



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने बताया कि पूरा देश जानता है अटल जी एक अजातशत्रु थे जो अपनी शुचिता की राजनिति के लिए जाने जाते थे। वे अपनी हर बात तथ्यों के आधार पर कहते थे। जब वो संसद में बोलते थे सब उनको ध्यान से सुना जाता था। वे बहुत अच्छे कवि भी थे। जो कुछ भी वो बोलते थे वह देश के चित्रण पर आ जाता था। बहुत अच्छी-अच्छी कविताएं अटल जी ने लिखी है। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 23 दिसम्बर को जयपुर शहर में स्थित बिड़ला ओडिटोरियम में एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा और इस कवि सम्मेलन में उन सभी विख्यात कवियों को आमंत्रित किया गया है जो कवि के रूप में अटल जी के साथ जुड़े हुए थे। परनामी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और इस कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं राज्यसभा सांसद धनश्याम तिवाड़ी रहेंगे। इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा मध्य प्रदेश सत्यनारायण, सत्यजीत, डॉ. हरिओम पंवार , डॉ अनामिका अम्बर, वेदव्रत वाजपेयी पूनम वर्मा और डॉ. प्रवीण शुक्ल आ रहे है। सभी कवि कविता के माध्यम से अटल जी के संस्मरण को प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में अटल जी की कविताओं का गायन भी किया जायेगा। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम अटल जी को सच्ची श्रृद्धांजली अर्पित करेंगा। सिविल लाइन विधानसभा के विधायक गोपाल शर्मा ने बताया कि अटल जी ऐसे महापुरूष थे जिन्होंने दुनिया में अजात शत्रु की ख्याति प्राप्त की थी। अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण देकर पोकरण में परमाणु परिक्षण करके और भारत की उदारता की साख पूरे विश्व में स्थापित करके स्वर्णिम अध्याय लिखने का काम किया । सौभाग्य से यह साल अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में जाना जाएगा। अटल जी का मतलब भारत का अटल व्यक्त्वि। प्रेंसवार्ता में प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित ।

## जीवन सिंह को मिलेगा घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार

### प्रयास संस्थान का इक्कावन हजार रुपये का है यह वार्षिक पुरस्कार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** साहित्य, संस्कृति व सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान की ओर से प्रांत के हिंदी साहित्य को समर्पित वार्षिक घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए अलवर के ठाकुर जीवन सिंह मानवी को दिया जाएगा। प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि संस्थान की ओर से वर्ष 2008 से निरंतर यह वार्षिक पुरस्कार राजस्थान के हिंदी साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2025 के लिए यह पुरस्कार जुरहरा-भरतपुर में जन्मे व अलवर निवासी जीवन सिंह को उनकी आलोचना कृति 'कविता की अर्थवत्ता' के लिए दिया जाएगा। सचिव शर्मा ने बताया कि पुरस्कार स्वरूप साहित्यकार को इक्कावन हजार रुपये, शॉल, श्रीफल और मानपत्र देकर अंलकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार अब तक डॉ. सत्यनारायण, मनीषा कुलश्रेष्ठ, हेमंत शेष, रत्नकुमार सांभरिया, कमर मेवाड़ी, पल्लव, भगवान अटलानी, माधव हाड़ा, नंदकिशोर आचार्य, पद्मजा शर्मा, ऋतुराज, जवरीमल्ल पारख, विनोद पदरज, कृष्ण कल्पित, जितेंद्र भाटिया आदि के नाम हो चुका है।

## रक्तदान जरुरतमंद के लिए जीवनदान हैः महरिया

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** पोखराम भामू व गंगा देवी भामू की स्मृति में गंगा देवी भामू की तृतीय पुण्यतिथि पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भोजासर छोटा में शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक व रक्त मोटीवेटर बीएल मील, ग्राम पंचायत प्रशासक संदीप शर्मा, लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी ने गंगा देवी भामू व पोखर राम भामू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि रक्तदान जरुरतमंद के लिए जीवनदान है। एक रक्तदाता की ओर से किए एक यूनिट रक्तदान से चार लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय- समय पर होना चाहिए। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान करके हम पुण्य ही नहीं कमा रहे हैं बल्कि हमारे स्वयं के लिए भी फायदेमंद है 7 नियमित रक्तदाता के हार्ट अटैक व कैंसर होने की संभावना बहुत कम हो जाती हैं तथा रक्तदाता हर समय एनर्जेटिक भी रहता है इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर गंगा देवी भामू के सुपुत्र पवन भामू और पुत्रवधू संतोष भामू ने सपत्नीक रक्तदान किया। आयोजन समिति के पवन भामू एवं संजय पचार ने बताया कि सायं साढ़े चार बजे तक चले रक्तदान शिविर में युवा और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और 102 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर भागीरथ बीरड़ा, मदन भामू, राजेंद्र भामू , सुल्तान फगेड़ियां, मदन मीणा राजेंद्र पचार, केशर देव भामू सहित अनेक लोगों ने रक्तदाताओ का हौसला अफजाई करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

## राजकीय महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निस)।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कस्बे के राजकीय महाविद्यालय पाटन में शनिवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. योगेश कुमार सबल ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रभावी ढंग से यह दर्शाया कि नशा किस प्रकार शारीरिक व मानसिक बीमारियों, आर्थिक क्षति, पारिवारिक विघटन और सामाजिक अपराधों का कारण बनता है। नाटक के जरिए नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर किरण यादव ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नुक्कड़ नाटक का आयोजन नई किरणः नशा मुक्ति केंद्र की प्रभारी ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सहायक आचार्य सरोज गुर्जर, रितु शर्मा, डॉ. धर्मवीर कुमावत, डॉ. सुमैया व डॉ. सीता मीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जयपुर में आईपीएल मैच पर संकट के बादल, क्रिकेट प्रेमी हैरान

**जयपुर(कासं.)।** आईपीएल के आने वाले सीजन में जयपुर में आईपीएल के मैच होंगे या नहीं इस बात को लेकर प्रदेश के लाखों क्रिकेट प्रेमियों के चेहरों पर चिंता की लकीर छाई हुई है क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राज्य क्रिकेट संघ को साफ कह दिया है कि जब तक राज्य क्रिकेट संघ में चुनाव नहीं होंगे तब तक जयपुर में आईपीएल मैच नहीं करवाए जा सकते दूसरी तरफ राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी का कहना है कि चुनाव करवाने के लिए प्रदेश सरकार को कहेंगे लेकिन जानकार लोगों का कहना है कि राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव प्रक्रिया से राजस्थान सरकार का कोई सीधा वास्ता ही नहीं है इस मामले में अगर तदर्थ कमेटी वास्तव में चुनाव करवाना चाहती है तो वह नियम और कानून के अनुरूप चुनाव करवाने की दिशा में उचित कदम उठा सकती है लेकिन कहीं ना कहीं ऐसा दिख रहा है तदर्थ कमेटी से जुड़े लोग भी नहीं चाहते कि राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव हो क्योंकि अगर राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव होते हैं तो फिर उनका साम्राज्य खत्म हो जाएगा इसलिए भले ही तदर्थ कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत ने राजस्थान सरकार का हवाला देकर चुनाव करवाने की बात कही हो लेकिन लोगों का कहना है कि इस मामले में राजस्थान सरकार भी गोलमोल रवैया अपना रही है और सरकार भी कहीं ना कहीं राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव करवाने को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है अगर राजस्थान सरकार चुनाव करवाने को लेकर गंभीर होती तो अब से पहले ही चुनाव हो जाते लेकिन कहीं ना कहीं कई बड़े राजनेताओं के बेटे राज्य क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनाने का ख्वाब देख रहे हैं इसकी वजह से बड़े नेताओं के बीच आपस में चल रहे मनमुटाव और विवाद की वजह से सरकार राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव को लेकर गंभीर नहीं है और तदर्थ कमेटी के माध्यम से ही प्रदेश में क्रिकेट की गतिविधियों को संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन पिछले कुछ महीनो से तदर्थ कमेटी के सदस्यों के बीच भी आपस में तनातनी और मनमुटाव की स्थिति बनी हुई है।

## कहानी

### नन्हों

चिट्ठी-डाकिए ने दरवाज़े पर दस्तक दी तो नन्हों सहुआइन ने दाल की बटली पर यों कलछी मारी जैसे सारा कसूर बटुली का ही है। हल्दी से रँगे हाथ में कलछी पकड़े वे रसोई से बाहर आईं और ग़ुस्से के मारे जली-भुनी, दो का एक डग मारती ड्योढ़ी के पास पहुँची। 'कौन है रे!' सहुआइन ने एक हाथ में कलछी पकड़े दूसरे से साँकल उतार कर दरवाज़े से झाँका तो डाकिए को देखकर धक् से पीछे हटी और पल्लू से हल्दी का दाग़ बचाते, एक हाथ का घूँघट खींचकर दरवाज़े की आड़ में छिपकली की तरह सिमट गई। 'अपने की चिट्ठी कहाँ से आएगी मुंशीजी, पता-ठिकाना ठीक से उचार लो, भूल-चूक होय गई होयगी ', वे धीरे से फुसफुसाई। पहले तो केवल उनकी कनगुरिया दिख रही थी जो आशंका और घबराहट के कारण छिपकली की पूँछ की तरह ऐंठ रही थी। 'नहीं जी, कलकत्ते से किसी रामसुभग साहु ने भेजी है, पता-ठिकाना में कोई ग़लती नहीं... ' 'रामसु...' अधकही बात को एक घूँट में पीकर सहुआइन यों देखने लगी जैसे पानी का धक्का लग गया हो। केनगुरिया का सिरा पल्ले में निश्चेष्ट कील की तरह अड़ गया था– 'अपने की ही है मुंशीजी... मुंशीजी ने चिट्ठी आगे बढ़ाई, कनगुरिया फिर हिली, पतंगे की तरह फड़फड़ाती चिट्ठी को पंजे में दबोचकर नन्हों सहुआइन पीछे हटी और दरवाज़े को झटके से भेड़ लिया। आँगन के कोने में पानी रखने के चबूतरे के पास खड़ी होकर उन्होंने चिट्ठी को पढ़ा। रामसुभग आ रहा है, लिखा था चिट्ठी में। केवल तीन सत्र की इबारत थी पूरी। पर नन्हों के लिए उसके एक-एक अक्षर को उचारने मे पहाड़-सा समय लग गया जैसे। चबूतरे के पास कलसी के नीचे, पानी गिरने से ज़मीन नम हो गई थी, जौ के बीज गिरे थे जाने कब, इकट्ठे एक में सटे हुए उजले-हरे अँखुए फूटे थे। नन्हों सहुआइन एकटक उन्हें देखती रहीं बड़ी देर तक। पाँच साल का समय कुछ कम तो नहीं होता। लंबे-लंबे पाँच साल! पूरे पाँच साल के बाद आज रामसुभग को भौजी की याद आई है। पाँच साल में उसने एक बार भी कुशल-मंगल का हाल नहीं दिया। एक बार भी नहीं पूछा कि भौजी जीती है या मर गई। जब अपना ही नहीं रहा हाल-चाल लेने वाला, तो दूसरा कौन पूछता है किसे? नन्हों सहुआइन ने चारपाई के पास से माची खीची और उस पर बैठ गई। हल्दी-सनी अंगुलियों के निशान 'कार्ड' पर उभर आए थे– जैसे वह किसी के शादी-ब्याह का न्यौता था। शादी-ब्याह का ख्य़ाल आते ही नन्हों सहुआइन की आँखें चलवे मछली-सी चिलक उठी। जाने कितनी बार सोचा है उन्होंने अपनी शादी के बारे में। कई बार सोचा, इस दु:ख दाई बात को फिर कभी न सोचूँगी। जो भाग में न था उस पर पछतावा क्या? पर वह औरत क्या जो अपनी शादी पर न सोचे और एक ऐसी औरत जिसकी शादी उसकी ज़िंदगी का दस्तावेज़ बनकर आई हो, ज़िंदगी सिर्फ़ उसकी गिरो ही नहीं बनी उसने तो नन्हों के समूचे जीवन को रेतभरी परती की तरह वीरान कर दिया। गाँव की सभी औरतों की तरह नन्हों का भी ब्याह हुआ। उसकी भी शादी में वही हुआ जो सभी शादियों में होता है। बाजा-गाजा, हल्दी-सिंदूर, मौज-उत्सव, हँसी-रुला सब कुछ वही। एक बात में ज़रूर अंतर था कि नन्हों की शादी उसके मायके में नहीं, ससुराल में हुई। इस तरह की शादियाँ भी कोई नई नहीं हैं। जो ज़िंदगी के इस महत्त्वपूर्ण मौक़े को भी उत्साह और इच्छा के बावजूद रंगीनियों से बाँधने के उपकरण नहीं जुटा पाते वे बारात चढ़ाकर नहीं, डोला उतारकर शादी करते है। इसलिए नन्हों की शादी भी डोला उतारकर ही हुई तो इसमें भी कोई ख़ास बात तो नहीं हो गई। नन्हों का पति मिसरीलाल एक पैर का लँगड़ा था, पैदाइशी लँगड़ा। उसका दायाँ पैर जवानी में भी बच्चों की बाँह की तरह ही मुलायम और पतला था। डंडा टेककर फुदकता हुआ चलता। नाक-नक्श से कोई बुरा नहीं था, वैसे काला चेहरा उभरी हुई हड्डियों की वजह से बहुत वीरान लगता। घर में किराने की दुकान होती, जिसमें खाने-पीने के ज़रूरी सामानों के अलावा तंबाकू, बीड़ी-माचिस और ज़रूरत की कुछ सब्ज़ियाँ भी बिकती। अक्सर सब्ज़ियाँ बासी पड़ी रहतीं, क्योंकि अनाज से बराबर के भाव ख़रीदने वाले अच्छे गृहस्थ भी मेहमान के आने पर ही इस तरह का सौदा किया करते। मिसरीलाल की शादी पक्की हुई तो नन्हों का बाप बड़ा ख़ुश था, क्योंकि मिसरीलाल के नाम पर जो लड़का दिखाया गया वह शक्ल में अच्छा और चाल-चलन में काफ़ी शौक़ीन था।

# उच्च शिक्षा में सुधार की सार्थक पहल



कु पिछले दिनों केंद्र सरकार ने भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की समाप्ति) विधेयक, 2018 में आंशिक परिवर्तन करते हुए उसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया। 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025' नाम से पारित नया विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को विचारार्थ प्रेषित किया गया है। यह समूचे उच्च शिक्षा क्षेत्र का एकमात्र नियामक तंत्र होगा। हालांकि, चिकित्सा शिक्षा, फार्मेसी और विधि की शिक्षा इसके दायरे में नहीं होगी। अभी उच्च शिक्षा क्षेत्र में अनेक नियामक संस्थाएं कार्यरत हैं। उनके अपने-अपने मानदंड हैं। यूजीसी, एआइसीटीई, एनसीटीई, वास्तु परिषद, कृषि विज्ञान अनुसंधान परिषद, दूरस्थ और मुक्त शिक्षा, आनलाइन और डिजिटल शिक्षा तंत्र, आइसीएसएसआर, आइसीएआर, नैक, एनआइआरएफ जैसी एक दर्जन से अधिक नियामक संस्थाएं देश के कला, विज्ञान, व्यवसाय, अभियांत्रिकी, शिक्षा, प्रबंधन, कृषि शिक्षा आदि अनुशासनों से संबंधित उच्च शिक्षण संस्थाओं एवं शोध-संस्थानों की संबद्धता, मूल्यांकन, प्रत्यायन, रैंकिंग, वित्तपोषण और नियंत्रण आदि काम करती हैं। इन अलग-अलग नियामक संस्थाओं के अधीन उच्च शिक्षा पृथक्करण और बहुपरतीय नियंत्रण का शिकार थी।

देश भर में ऐसे अनेक उच्च शिक्षण एवं शोध-संस्थान हैं, जहां एक साथ कई प्रकार के पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं और उनसे संबंधित शोध-कार्य किया जाता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी संस्थानों को क्रमश: बहु-अनुशासनिक बनाने पर जोर दिया गया है। विभिन्न पेशेवर और परंपरागत संस्थानों की आपसी दूरी और अलगाव के 'स्टील फ्रेम' की क्रमिक समाप्ति की जा रही है। नया आयोग भारत में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और सर्वसुलभ बनाने के लिए उत्तरदायी होगा। इन बहु-अनुशासनिक उच्च शिक्षण संस्थानों एवं शोध-संस्थानों को अलग-अलग नियामक संस्थाओं का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।

इस प्रक्रिया में ये संस्थान अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करते रहे हैं। कई बार इन नियामक संस्थाओं में अनियमितता एवं पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का दोषारोपण भी होता रहा है। पाठ्यक्रमों के निर्माण एवं उनके कार्यान्वयन में भी ये नियामक संस्थाएं दोषमुक्त नहीं रही हैं। ये स्वायत्त नियामक संस्थाएं आपसी टकराव और अंतर्विरोध का भी शिकार रही हैं। इससे संबंधित संस्थानों को अनावश्यक अड़चन और अवरोध का सामना करना पड़ता है। इसीलिए केंद्र सरकार ने इन सभी नियामक संस्थाओं की कार्यशैली का मूल्यांकन करते हुए इन्हें एक सर्वसक्षम निकाय के अधीन लाने का निर्णय लिया है।

नई व्यवस्था में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान सीधे शिक्षा मंत्रालय की निगरानी में काम करेगा। यह यूजीसी एक्ट-1956, एआइसीटीई एक्ट-1987 और एनसीटीई एक्ट-1993 का स्थान लेगा। ऐसे एकल और केंद्रीकृत निकाय की संस्तुति राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (2009) और यशपाल समिति (2010) ने भी की थी। यह आयोग विभिन्न संस्थाओं के आपसी सामंजस्य, समन्वय और सक्रियता के अभाव और लालफीताशाही के प्रभाव की समाप्ति और जवाबदेही और पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। चेयरमैन के अलावा इसके 12 सदस्य और होंगे। इस आयोग के विकसित भारत शिक्षा विनियमन परिषद, विकसित भारत मानक परिषद और विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद जैसे तीन आयाम (वर्टिकल) होंगे। ये आयाम नियमन, मान्यता और व्यावसायिक मानक निर्धारण का कार्य करेंगे।

निर्धारित मानकों, प्रक्रियाओं और गुणवत्ता का अनुपालन न करने वाले संस्थानों पर 10 लाख से लेकर 2 करोड़ रुपये तक जुर्माने का भी नई व्यवस्था में प्रविधान हुआ है। यह आयोग उच्च शिक्षण संस्थानों के दोहरे-तिहरे नियमन की मौजूद व्यवस्था का सरलीकरण और स्तरीकरण करेगा, ताकि शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन में दोहरा/तिहरा हस्तक्षेप न हो। इस आयोग द्वारा उच्च शिक्षा में मानकों और गुणवत्ता के संबंध में पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक प्रस्तुतीकरण और योग्यता आधारित निर्णय के माध्यम से विनियमन किया जाएगा।

इस आयोग को अधिगम परिणामों (लर्निंग आउटकम) पर विशेष ध्यान देने के अलावा शैक्षणिक मानकों में सुधार, संस्थानों के शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन, संस्थानों का परामर्श, शिक्षकों का प्रशिक्षण, अधुनातन शैक्षिक पद्धतियों और प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने आदि का काम भी करना होगा। यह आयोग संस्थानों के नियमन और संचालन के लिए अनुकूलित वातावरण बनाते हुए अधिक लचीलेपन के साथ स्वायत्तता प्रदान करेगा। इस आयोग के पास उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने तथा स्तरहीन और कागजी संस्थानों को बंद कराने की शक्ति भी होगी। इस एकीकृत और सर्वसक्षम आयोग के गठन से समय, श्रम-ऊर्जा, संसाधन और धन की भी बचत होगी। यह नई पहल बहुत सार्थक है, लेकिन यह भी समझना होगा कि शिक्षा तंत्र को सिर्फ सरकार का दायित्व न मानकर सभी हितधारकों को उसमें भागीदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। नियुक्ति प्रक्रिया में गुणवत्ता और पारदर्शिता, संचालन में दूरदर्शिता और सक्षमता, आधारभूत ढांचे के निर्माण में आंशिक और आनुपातिक भागीदारी और उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए सभी हितधारकों को अपना सर्वोत्तम योगदान देने के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।

*देश भर में ऐसे अनेक उच्च शिक्षण एवं शोध-संस्थान हैं, जहां एक साथ कई प्रकार के पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं और उनसे संबंधित शोध-कार्य किया जाता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी संस्थानों को क्रमशः बहु-अनुशासनिक बनाने पर जोर दिया गया है। विभिन्न पेशेवर और परंपरागत संस्थानों की आपसी दूरी और अलगाव के 'स्टील फ्रेम' की क्रमिक समाप्ति की जा रही है। नया आयोग भारत में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और सर्वसुलभ बनाने के लिए उत्तरदायी होगा। इन बहु-अनुशासनिक उच्च शिक्षण संस्थानों एवं शोध-संस्थानों को अलग-अलग नियामक संस्थाओं का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।*

*इस प्रक्रिया में ये संस्थान अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करते रहे हैं। कई बार इन नियामक संस्थाओं में अनियमितता एवं पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का दोषारोपण भी होता रहा है। पाठ्यक्रमों के निर्माण एवं उनके कार्यान्वयन में भी ये नियामक संस्थाएं दोषमुक्त नहीं रही हैं। ये स्वायत्त नियामक संस्थाएं आपसी टकराव और अंतर्विरोध का भी शिकार रही हैं। इससे संबंधित संस्थानों को अनावश्यक अड़चन और अवरोध*

## सम्पादकीय

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता, बदलती दुनिया में साझेदारी की नई राह



बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत और ओमान के बीच गुरुवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते को आर्थिक मोर्चे पर एक दूरगामी असर वाली साझेदारी के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से दुनिया के कई विकसित और शक्तिशाली देश अपने इर्द-गिर्द एक ऐसा घेरा बनाने की कोशिश में हैं, जिसमें तीसरी दुनिया के देशों की उन पर निर्भरता बनी रहे और वे मन-मुताबिक अपनी सुविधा की शर्तें उन पर थोपते रहें। जबकि पारंपरिक रूप से सहयोगी रहे या फिर नए सिरे से संबंध विकसित करने में रुचि रखने वाले देशों के मामले में भारत का रुख पहले भी परिपक्व और उदार रहा है। इस क्रम में अब ओमान के साथ भारत ने जिस तरह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया है, वह आने वाले समय में न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम रचेगा, बल्कि बहुध्रुवीय दुनिया में विकल्पों के नए मोर्चे भी सामने आ सकते हैं। इससे पहले भी भारत ने ताकतवर देशों के प्रभाव में आने के बजाय अपनी जरूरत के मुताबिक सहयोग के मोर्चे पर कदम बढ़ाया है। गौरतलब है कि भारत और ओमान के बीच पिछले करीब सात दशक से अच्छे और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। उसी को और मजबूत करने तथा अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से भारत ने ओमान के साथ अब जिस मुक्त व्यापार समझौते को आकार दिया है, उसके सकारात्मक असर अगले कई दशक तक देखने को मिल सकते हैं। इस करार के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई गति मिलने और खासतौर पर युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अवसर खुलने की उम्मीद की जा रही है। समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान सहित भारत के अट्ठानबे फीसद निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। वहां के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों को विदेशी निवेश की अनुमति में भी बड़ी कामयाबी मिली है। जाहिर है, इस सबसे श्रम की प्रमुखता वाले कई क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लघु तथा मध्यम उद्योगों के साथ-साथ कारीगरों से लेकर महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में ओमान ऐसा देश है, जहां भारतीय सेना की तीनों शाखाएं नियमित संयुक्त अभ्यास करती हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत को जिस तरह पहले से ही ओमान के दुक्म बंदरगाह पर जरूरत होने पर साजो-सामान के उपयोग की सुविधा मिली हुई है, उसमें नया समझौता सहयोग को और मजबूत करेगा। दुक्म बंदरगाह भारत के लिए एक वैकल्पिक रणनीतिक ठिकाना है और यह भारतीय नौसेना को पश्चिमी हिंद महासागर में मजबूत आधार देता है। ऐसे में दोनों देशों के बीच हुए करार की अहमियत समझी जा सकती है। खासतौर पर पिछले कुछ महीने से जिस तरह अमेरिका ने मनमाने तरीके से शुल्क लगा कर अपनी सुविधा के मुताबिक नीतियां बनाने के लिए भारत पर दबाव डाला, वह एक तरह से व्यापार में वर्चस्व कायम करने की कोशिश थी। दूसरी ओर, चीन है, जिसे कारोबार के मामले में भारत के लिए वैकल्पिक रास्ते खुलने से निराशा होगी। मगर ओमान सहित अनेक देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और उसे मजबूत करने के क्रम में विकल्प खुलते हैं, तो यह भारत की उपलब्धि है।

# भारतीय धरोहर की वैश्विक स्वीकार्यता




अंधकार पर प्रकाश की विजय के पर्व दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया है। भारत के लिए यह एक उपलब्धि है। अभी तक यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में भारत की 15 धरोहरें शामिल थीं। इनमें कुंभ मेला, गुजरात का गरबा नृत्य, कोलकाता की दुर्गा पूजा, योग, वेद पाठ, रामलीला, छाऊ नृत्य, नवरोज त्योहार, कालबेलिया नृत्य प्रमुख हैं। दीपावली को 16वीं अमूर्त विरासत के रूप में यूनेस्को की सूची में जोड़ा गया है। भारत की सांस्कृतिक परंपराएं महज अतीत का एक प्रमाण मात्र ही नहीं हैं, अपितु वे पूर्णतया जीवंत हैं और प्रत्येक भारतीय के जीवन के सूक्ष्म अनुभवों में धड़कती हैं।

भारत अपने त्योहारों, रीति-रिवाजों, लोककथाओं, संगीत, नृत्य, खान-पान और सामाजिक व्यवहारों के माध्यम से केवल अपना अतीत ही नहीं संभालता, बल्कि अपने आत्मा को भी जीवंत रखता है। जब कोई सांस्कृतिक परंपरा वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित होती है, तो उसके अर्थ एवं भाव स्थानीयता से उठकर सार्वभौमिकता की ओर बढ़ जाते हैं। यूनेस्को ने दीपावली को न केवल एक त्योहार के रूप में देखा, बल्कि एक सांस्कृतिक दर्शन के रूप में पहचाना, जो अनंत काल से हमारे समाज का अभिन्न अंग बना हुआ है। भारत का सांस्कृतिक तंत्र जितना विशाल है, उतना ही जटिल भी है।

यहां पग-पग पर भाषा, भोजन की शैली, पहनावा, लोकगीतों का सुर, त्योहारों की परंपरा, आचार-विचार आदि भिन्न रूप ग्रहण करते हुए सामने आते हैं, किंतु इन तमाम विविधताओं को एक सूत्र में बांधने का कार्य उसी विविधता में विद्यमान एकता के द्वारा किया जाता है। दीपावली का त्योहार इस एकतासूत्र का सर्वोत्तम उदाहरण है। देश के विभिन्न हिस्सों में हर जगह दीपों की संख्या भले ही अलग हो, किंतु प्रकाश का अर्थ, स्वरूप एवं उसमें निहित संदेश एक ही रहता है। इस व्यापकता और बहुस्तरीयता को समझना अपने आप में भारत की सांस्कृतिक शक्ति को समझना है। दीपावली का यूनेस्को सूची में शामिल होना एक सांस्कृतिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि भारत के लिए व्यापक अवसर है-सांस्कृतिक संवाद को विस्तार देने का, वैश्विक प्रभाव बढ़ाने का और आने वाली पीढ़ियों में सांस्कृतिक आत्मविश्वास जगाने का।

हम इस अवसर का उपयोग सांस्कृतिक संवर्धन, आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सामंजस्य के रूप में कर सकें तो बेहतर, क्योंकि भविष्य में दीपावली के अवसर पर विदेशी पर्यटक भी भारत की ओर भ्रमण हेतु उन्मुख होंगे। इससे हमारे सांस्कृतिक एवं परंपरागत उद्योग तथा कौशल विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हो सकेंगे।

विश्व का कोई भी देश हो, वहां पर भारतीयता किसी न किसी रूप में अवश्य मौजूद है। दुनिया भर के भारतवंशी दीपावली को उसी स्तर की वैश्विक स्वीकार्यता दिला सकते हैं, जैसी क्रिसमस अथवा न्यू ईयर को मिली हुई है। विभिन्न देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को दीपावली संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित करने में योगदान देना चाहिए। भारतीय दूतावासों-उच्चायोगों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। वैश्विक स्वीकार्यता का अर्थ केवल अंतरराष्ट्रीय सम्मान अर्जित कर लेना ही नहीं है। इस स्वीकार्यता के साथ जिम्मेदारियां भी समानुपात में बढ़ती हैं। वैश्वीकरण के दौर में काफी कुछ बाजार की चमक में अपना मूल रूप खो देता है, लिहाजा दीपावली के मूल तत्वों को सुरक्षित रखना आज और भी आवश्यक एवं चुनौतीपूर्ण हो गया है। यह त्योहार मानव सभ्यता की गहरी सांस्कृतिक परतों में अध्ययन का विषय बनना चाहिए।

*यहां पग-पग पर भाषा, भोजन की शैली, पहनावा, लोकगीतों का सुर, त्योहारों की परंपरा, आचार-विचार आदि भिन्न रूप ग्रहण करते हुए सामने आते हैं, किंतु इन तमाम विविधताओं को एक सूत्र में बांधने का कार्य उसी विविधता में विद्यमान एकता के द्वारा किया जाता है। दीपावली का त्योहार इस एकतासूत्र का सर्वोत्तम उदाहरण है। देश के विभिन्न हिस्सों में हर जगह दीपों की संख्या भले ही अलग हो, किंतु प्रकाश का अर्थ, स्वरूप एवं उसमें निहित संदेश एक ही रहता है। इस व्यापकता और बहुस्तरीयता को समझना अपने आप में भारत की सांस्कृतिक शक्ति को समझना है। दीपावली का यूनेस्को सूची में शामिल होना एक सांस्कृतिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि भारत के लिए व्यापक अवसर है-सांस्कृतिक संवाद को विस्तार देने का, वैश्विक प्रभाव बढ़ाने का और आने वाली पीढ़ियों में सांस्कृतिक आत्मविश्वास जगाने का।*

# अराजकता में डूबा बांग्लादेश



बांग्लादेश जैसी अराजकता में डूबा हुआ है, उससे वह केवल आत्मघात की ओर ही बढ़ता हुआ नहीं दिख रहा है, बल्कि भारत के लिए खतरा भी बढ़ा रहा है। वैसे तो यह देश अस्थिरता से तभी से घिरा है, जब पिछले वर्ष वहां शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट दिया गया था, लेकिन बीते दिनों हालात तब बिगड़े, जब तख्तापलट में शामिल एक छात्र नेता को गोली मार दी गई। यह वही छात्र नेता था, जिसने कुछ ही दिनों पहले पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की धमकी दी थी। उसकी मौत की खबर आने के बाद अराजक तत्व सड़कों पर उतर आए। उन्होंने बांग्लादेश के दो प्रमुख अखबारों के दफ्तरों में आग लगाई, एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र को आग के हवाले किया और भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए भारतीय उच्चायोगों का घेराव शुरू कर दिया। चूंकि हिंसक भीड़ भारतीय उच्चायोग के भवनों में घुसने पर आमादा थी, इसलिए वहां वीजा सेवाएं बंद करनी पड़ीं। यह तब हुआ, जब कुछ ही दिनों पहले बांग्लादेश में भारत के खिलाफ उग्र बयानबाजी के लिए वहां के उच्चायुक्त को तलब कर नाराजगी जताई गई थी। बांग्लादेश में भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले ही नहीं, बल्कि अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं पर हमले करने वाले भी बेलगाम हैं। इसी कारण वहां के एक हिंदू को ईशनिंदा के झूठे आरोप में पीट-पीटकर मार दिया गया और फिर उसके शव को भीड़ के सामने जला दिया गया। बर्बरता की यह पराकाष्ठा उस बांग्लादेश में देखने को मिल रही है, जहां की अंतरिम सरकार के प्रमुख नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस हैं। अब इसमें कोई संशय नहीं कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी तत्वों के हाथों में खेल रहे हैं और उन्हें शह भी दे रहे हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की संसदीय समिति ने बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों के साथ पाकिस्तान और चीन की बढ़ती सक्रियता पर चिंता जताते हुए कहा कि इस पड़ोसी देश की घटनाएं भारत को संकट में डालने वाली हैं। यह संकट अब और भी अधिक घना दिखने लगा है। बांग्लादेश के हिंदुओं की जान तो आफत में है ही, वहां भारतीय हितों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। बांग्लादेश एक ऐसे समय अराजकता में डूबा है, जब वहां चुनाव नजदीक हैं। अब इन चुनावों का सही तरह होना संदिग्ध है।

## जीआरपी थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों व सुरक्षा सखियों की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** जीआरपी थाना फुलेरा परिसर में पुलिस प्रशासन की ओर से सीएलजी सदस्यों व सुरक्षा सखियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक इंस्पेक्टर सुरेश कुमार एवं थाना अधिकारी ओमप्रकाश के निर्देशन व सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सुखा नशा, साइबर अपराध, जहरखुरानी जैसी गंभीर आपराधिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनसहभागिता अपरिहार्य है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अधिकारियों ने सीएलजी सदस्यों व सुरक्षा सखियों को अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर समाज को जागरूक करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में तारा सोनी, पूनम कुमावत, एडवोकेट सुमित्रा नाथावत, श्यामलाल सैनी, पूजा भाटी, गीता सैनी, रजनी कुमावत सहित अनेक सुरक्षा सखियां व सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

## पालिका का स्ट्रीट डॉग नियंत्रण अभियान जारी



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की अनुपालना में नगरपालिका फुलेरा क्षेत्र में आवारा श्वानों के संबंध में नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जा रही है। नगर क्षेत्र के चिन्हित स्थलों से स्ट्रीट डॉग को पकड़कर अनिवार्य रूप से एंटी रेबीज वैक्सीनेशन (एआरबी) व पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) की कार्यवाही कराई जा रही है। निर्धारित चिकित्सा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात श्वानों को नियमानुसार उनके मूल क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है ।नगरपालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्यवाही जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अवरोध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर को रेबीज मुक्त बनाना व आवारा श्वानों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। प्रशासन ने आमजन को आगाह किया है कि श्वान पकड़ने अथवा टीकाकरण प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। अभियान में पशु चिकित्सक डॉ. रविंद कुमार, स्टॉप भारत संस्था के प्रतिनिधि शेरसिंह व साजन की देखरेख में कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका फुलेरा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा और आदेशों की अवहेलना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

## गरूडवासी ढूंढ नदी पुलिया निर्माण बना ग्रामीणों की मुसीबत



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू - लालसोट रोड हाइवे पर स्थित ढूंढ नदी की पुलिया को लेकर शनिवार को दोपहर ग्रामीणों और राहगीरों का आक्रोश देखने को मिला। बारिश के मौसम में पुलिया टूटने से यह मार्ग पहले ही पूरी तरह बंद हो गया था, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू तो कर दिया, लेकिन निर्माण के दौरान आवागमन के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाए जाने से समस्या और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते अब रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाएगा। और लोगों को कई किलोमीटर का लंबा फेर लगाकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ेगा है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल मीणा सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए मार्ग बंद किया जा रहा है जिससे पहले जैसी ही स्थिति उत्पन्न हो जाएगी है। इसी मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीण ढूंढ नदी मार्ग पर एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक निर्माण अवधि में पास ही वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक वे निर्माण कार्य नहीं चलने देंगे। इस मौके पर शम्भू सिंह, शिवदयाल सिंह, भवानी सिंह, हरिशंकर शर्मा, कैलाश प्रजापत, अशोक सेन, नेनु राम मीणा, मुकेश चौधरी, कपिल शर्मा, कमल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फुलेराव नगर में मां शाकम्भरी की विशाल चुनरी पद यात्रा

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ के फुलेराव नगर में शनिवार को मां शाकम्भरी की विशाल चुनरी पद यात्रा का धार्मिक आयोजन हुआ। जिसमें महेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि मां शाकम्भरी की जोत जलाकर उनकी विधिवत पूजा अर्चना की गई। उन्हें लड्डू और हलवे का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक कस्बे से और ढ़ाणी वासी भी शामिल हुए। साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं की ओर से मंगल गीत गाकर मां शाकम्भरी की चुनरी में बूटियां लगाई गई। भक्ति गीतों पर नृत्य का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मनोज देवी, सजना, ममता, सरिता, मंजू, निधि, संतरा देवी, रुकेश, पूजा, निशा, मनीदेवी, प्रभाती, कस्तूरा, प्रेम, अनीता समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# महिला सशक्तीकरण से ही समग्र विकास संभव : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर झुंझुनूं में महिला सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को झुंझुनूं के सूचना केंद्र सभागार में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धौलपुर के पचगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का लाइव प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण से ही समग्र विकास का सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प को पूरा करने में आधी आबादी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और डबल इंजन की सरकार निरंतर नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से महिला उत्थान के लिए प्रभावी निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरित की। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत 91 लाख पेंशनधारियों को 1100 करोड़ रुपये, पालनहार योजना के तहत 5 लाख 95 हजार लाभार्थियों को 103 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 5 हजार विद्यार्थियों को 2.5 करोड़ रुपये और अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थियों को पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 1 लाख 55 हजार विद्यार्थियों को 15 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राजस्थान महिला निधि के माध्यम से 5 हजार लखपति दीदी को 100 करोड़ रुपये की ऋण सहायता के चैक वितरित किए। साथ ही लखपति दीदी, कृषि सखियों एवं पशु सखियों को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं को साइकिल व दिव्यांगजनों को स्कूटी का वितरण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत आउटबाउंड पोर्टेबिलिटी का शुभारंभ किया, जिससे राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है जहां के नागरिक अन्य राज्यों में भी कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में राज्य सरकार की ओर से विगत दो वर्षों में महिला उत्थान के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेश मील सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## टांई गांव के जोहड़े में श्मशान भूमि के पास खुले में पड़े मिले हजारो की संख्या में सैनिटरी नैपकिन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** मंडावा क्षेत्र के गांव टांई में मिले सैनिटरी नैपकिन पॉकेटो का ममला सुर्खियों में बना हुआ है। आंई गांव में श्मशान भूमि के पास जोहड़े में हजारो की संख्या में सैनिटरी नैपकिन खुले में पड़े मिले है। हजारो की संख्या में सैनिटरी नैपकिन खुले में मिलने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। बड़ी मात्रा में खुले में सैनिटरी नैपकिन फैंकना ओर मिलना चिकित्सा विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवालिया निशान उठा रहे है। खुले में पड़े मिले सैनिटरी नैपकिन की सूचना पर सीएमएचओ विभाग झुझुनु की एक जॉच टीम मौके पर पहुची। जॉच करने पहुचे चिकित्सा अधिकारी डॉ.लतिका चौधरी, जिला औषधी भंडार झुंझुनू के विकास महला, जिला चिकित्सा विभाग के अशोक कुमार , नर्सिंग अधिकारी मंजू तिलोटिया, एल एच वी सुलोचना, इकबाल खां सरंपच प्रतिनिधि टांई ने मोके पर सैनिटरी नैपकिन के पैकेटो की जांच की। जांच अधिकारियो ने बताया कि ये सरकारी सैनिटरी नैपकिन नही है किसी प्राइवेट संस्थान में अवधि पार होने पर यहॉ डाल दिए है। सैनिटरी नैपकिन पॉकेटो पर मुल्य ओर कंपनी के नाम अंकित है। सरकारी होते तो उन पर नोट फोर सैल लिखा होता। जानकारी के अनुसार ये सैनिटरी नैपकिन सरकारी उड़ान अभियान में ग्रामीण महिलाओ ओर स्कूल जाने वाली छात्राओ को निःशुल्क वितरित किए जाते है। बड़ी मात्रा में खुले में सैनिटरी नैपकिन फैंकना विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहे है। चिकित्सा विभाग ने तत्काल ही एक कमेटी बनाकर खुले में पड़े मिले सैनिटरी नैपकिनो को उठाकर अस्पताल में रखवाने की प्रक्रिया की है।

## सात दिवसीय विशेष शिविरः तीसरे दिन खेलकूद गतिविधियों का आयोजन

जयपुर टाइम्स



झुन्झुनूं(निस)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन शनिवार को प्रातःकालीन सत्र में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेविकाओं ने बास्केटबॉल, खो-खो, रस्साकस्सी, कबड्डी, तीन टांग, रूमाल झपट्टा और म्यूजिकल चेयर आदि खेलों के माध्यम से अपना मनोरंजन किया। खेलकूद गतिविधियों के पश्चात् स्वयंसेविकाओं ने अल्पाहार किया। शिविर के द्वितीय सत्र में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि खेल से हमारा शरीर स्वस्थ व मजबूत बनता है, हमारे सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी महत्त्व होता हैं। खेलना स्वास्थ्य के लिए अति लाभदायक होता है। खेलों से मानसिक तनाव दूर होते हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मुख्य उद्देश्य समतापूर्ण और समावेशी शिक्षा प्रदान करना, बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देना, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना, आलोचनात्मक सोच, सृजनात्मकता को बढ़ावा देना और एक लचीली और समग्र शिक्षा प्रणाली विकसित करना आदि के विषय में बताया। शिविर में खेलकूद गतिविधियाँ व प्रश्नोत्तरी का आयोजन दोनों इकाइयों के एन.एस.एस. प्रभारी पिंकेश व अन्जु सैनी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## बरड़ोती में ग्राम स्तरीय जनसुनवाई, 11 परिवाद प्राप्त, 8 का मौके पर निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बरड़ोती में शनिवार को ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई प्रशासक मूलचंद गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्रभारी के रूप में चिकित्सक अंकित गुप्ता मौजूद रहे। कनिष्ठ सहायक रूपनारायण कुमावत ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों से कुल 11 परिवाद प्राप्त किए गए, जिनमें से 8 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। निस्तारित मामलों में 6 परिवाद पंचायत राज विभाग, 2 परिवाद राजस्व विभाग से संबंधित रहे। शेष परिवादों में प्रशासकीय समिति सदस्य बोदूराम यादव ने पंचायत मुख्यालय से मुरडिया तालाब तक डामर सड़क की मरम्मत का परिवाद दर्ज कराया। वहीं लालचंद कुमावत ने पंचायत मुख्यालय से शाकंभरी माता मंदिर जाने वाली डामर सड़क के किनारे खड़े बबूल के पेड़ों को काटने का मामला उठाया। इसके अलावा रामस्वरूप खटीक ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से बनाई गई सीसी सड़क पर नाली निर्माण कराने की मांग रखी, जिसे संबंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग को अग्रेषित किया गया। प्रशासक मूलचंद गुर्जर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही समयबद्ध तरीके से करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित परिवादों का शीघ्र निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर प्रशासकीय समिति सदस्य गुलाब देवी कुमावत, बोदूराम यादव, छोटू मोहम्मद, लालचंद कुमावत, लालाराम गुर्जर, लक्ष्मा देवी, पटवारी बबीता वर्मा, एएनएम कस्तूरी शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष गुर्जर, गीता देवी, आशा सहयोगिनी संजू कुमावत, तारा देवी, प्रेम देवी सहित ग्रामीण गणेश यादव, ताराचंद, सर्वेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पखवाड़ा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ विधानसभा विधायक विक्रम सिंह जाखल के नेतृत्व में गांव गांव में विकास यात्रा निकाली जा रही है। जिसके माध्यम से विक्रम सिंह जाखल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, विगत दो वर्षों में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों और विकास यात्रा की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दे रहे है। साथ ही आने वाले समय में विकास कार्यों के लिए जनता से सुझाव भी ले रहे है। विधायक जाखल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार का प्रत्येक निर्णय आमजन के जीवन को सरल, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में समर्पित है। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने विशेष रूप से बताया कि ग्राम पंचायतो कोलसिया, बिरोल, सैनीनगर, ढाका की ढाणी, बाय में कुल 10 करोड़ 52 लाख के बजट से स्वीकृत कार्यों में सड़क, पेयजल, विद्युत, सार्वजनिक सुविधाओं व ग्रामीण आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। उन्होंने मंच से इन विकास कार्यों का विस्तृत हिसाब आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया। जो भाजपा सरकार की पारदर्शी व जवाबदेह कार्यशैली का प्रतीक है। इसके साथ ही विधायक विक्रम सिंह जाखल ने बिरोल में निकुदास महाराज के मंदिर से प्रकाश राहड के घर तक वाया गौशाला सड़क का शिलान्यास किया और ढाका की ढाणी के दुर्जनपुरा में उपस्वास्थ्य केंद्र की नींव रखी तथा विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनका संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान जनसंवाद के माध्यम से आमजन की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया। तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भाजपा सरकार का यह प्रयास सेवा, सुशासन और गरीब- कल्याण की भावना को सशक्त करते हुए नवलगढ़ विधानसभा को विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर करने का सशक्त उदाहरण है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी विशम्भर पूनिया, विधानसभा संयोजक मंजू सैनी, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र बाय, पूर्व सरपंच बहादुर सिंह, प्रहलाद शेखावत, नेकीराम पूनिया, अशोक गढ़वाल, श्रीराम जांगिड उपसरपंच, सूर्यप्रकाश शर्मा, रिछपाल पूनिया, महेन्द्र सैन सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणेश मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह 26 को

**जयपुर टाइम्स/मंडावा(निस)।** फतेहपुर रोड स्थित श्री सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर का वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। गणेश सेवा समिति मंडावा के अध्यक्ष सुशील लुहारूवाला ने बताया कि 26 दिसंबर को मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा और रात्रि में 9 बजे से झारिया धाम के संत आकाश नाथ महाराज की ओर से भजन संध्या का आयोजन होगा।

## सुशासन, पारदर्शिता, जनकल्याण और समग्र विकास के नए मानक स्थापित

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा विधानसभा क्षेत्र में सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को टमकोर, भुदा का बास, गौखरी, कंकड़ेउ कलां, डाबड़ी धीर सिंह में राज्य सरकार का रथ पहुंचा। इस दौरान मण्डावा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक सुभाष पुनिया ने डाबड़ी धीरसिंह में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता, जनकल्याण और समग्र विकास के नए मानक स्थापित करते हुए हमारी सरकार ने 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार रूप देने के लिए अनेक ऐतिहासिक व दूरदृष्टिपूर्ण निर्णय लिए हैं। इस दौरान पूर्व सांसद नरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार की विकासकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए और उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और आगामी वर्षों में भी सर्वांगीण विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और समृद्ध व सशक्त राजस्थान के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इसी दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। कार्यक्रम में राजेन्द्र ठेकेदार, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया, मंडल अध्यक्ष अजय रागेरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर चौमाल, विनोद कुमावत सरपंच डाबड़ी धीरसिंह, नरेंद्र पुनिया, अमित चौधरी, आमीन मणियार आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# उप जिला चिकित्सालय के लिए राजास में भूमि आवंटन का मुद्दा गरमाया

### पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी ने जताया कड़ा विरोध

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** नावां के पूर्व विधायक व कांग्रेस सरकार में उप मुख्य सचेतक रहे महेंद्र चौधरी ने नावा से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम राजास में उप जिला चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन को लेकर प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में उन्होंने मौजूदा भाजपा सरकार और नावा विधायक विजय सिंह चौधरी पर तीखा हमला बोला। पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी ने कहा कि चिकित्सा आमजन की मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान विधायक जनहित की बजाय अन्य हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कुचामन चिकित्सालय को कुचामन वैली में बनाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हुआ और अब नावा क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलने वाले उप जिला चिकित्सालय को नावा से 8 किलोमीटर दूर राजास ग्राम में ले जाकर जनता के साथ अन्याय किया जा रहा है। इससे पहले भी नावा विधानसभा में कई जगहो पर स्वीकृत हुए स्वास्थ्य केंद्रो को अपने व अपनो को लाभ पहुचाने के लिए रोका गया फिर ठेकेदारो से साठगांठ कर चालू करवाया गया इस प्रकार मंत्री विजय सिंह चौधरी पर चिकित्सा विरोधी होने का आरोप लगाया। महेंद्र चौधरी ने कहा कि नावा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों से इतनी दूरी पर चिकित्सालय बनाए जाने से आम मरीजों को भारी परेशानी होगी। उन्होंने मौजूदा विधायक पर भू-माफिया से मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भूमि आवंटन का फैसला संदिग्ध है। पूर्व विधायक ने कांग्रेस सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि कांग्रेस शासनकाल में नावा में उप जिला चिकित्सालय के लिए लाल बहादुर स्टेडियम में भूमि आवंटन और 41 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई थी, लेकिन भाजपा मंडल अध्यक्ष की ओर से कोर्ट से स्थगन आदेश लाकर कार्य रुकवा दिया गया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री के साथ मिलकर नावा में कांग्रेस सरकार की ओर से स्वीकृत महिला पुलिस थाने को दूदू स्थानांतरित कर दिया गया। प्रेस वार्ता में महेंद्र चौधरी ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में बढ़ते अपराधों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आए दिन धरना-प्रदर्शन हो रहे हैं, दिनदहाड़े हत्याएं की जा रही हैं और नावा-कुचामन क्षेत्र अपराध का नया अड्डा बनता जा रहा है। साथ ही उन्होंने नावां विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर होने का आरोप लगाया। पूर्व विधायक ने चेतावनी दी कि यदि जनहित के मुद्दों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

## ग्रामीणों ने उठाया शिविर का लाभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ग्राम पंचायत जीली के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें, चरला, सारोठिया, गोपालपुरा के लोग लाभान्वित हुए। सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया ने बताया कि शिविर में राजस्व शुद्धिकरण 6, विरासतन इंतकाल 8, विभाजन 1 किया गया। इसी प्रकार मातृ वंदना योजना के 31, पेंशन ट्रेकर 45, विभागीय योजनाओं की जानकारी 280 लोगों को दी गई। पेंशन सत्यापन 27, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र 12, शौचालय 8 आवेदन लिए गए। शिविर में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक, प्रशासक हरदेवाराम बागड़ा, ठाकुरमल कताला, घनश्याम भाटी सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## सन्त रतिनाथ की पुण्यतिथि पर भजन संध्या आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** स्थानीय रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोड़ नम्बर एक पर शिव कैलाशी बऊधाम के पीठाधीश्वर सन्त रतिनाथ महाराज की तृतीय पुण्यतिथि शनिवार को हर्षाल्लास से मनाई गई। ज्ञानेन्द्र बुडानिया ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान चंचलनाथ टीला झुझुनूं के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, बूंटीनाथ आश्रम के महन्त निरंजन नाथ, विचार नाथ महाराज ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

## सन्त रतिनाथ की पुण्यतिथि पर भजन संध्या आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोड़ नम्बर एक पर शिव कैलाशी बऊधाम के पीठाधीश्वर सन्त रतिनाथ महाराज की तृतीय पुण्यतिथि शनिवार को हर्षाल्लास से मनाई गई। ज्ञानेन्द्र बुडानिया ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान चंचलनाथ टीला झुझुनू के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, बूंटीनाथ आश्रम के महन्त निरंजन नाथ, विचार नाथ महाराज ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव- विभोर कर दिया। शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक मरहूम भंवरु खां की 11 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** शेखावाटी क्षेत्र के पूर्व विधायक रहे भंवरू खा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। फतेहपुर शेखावाटी से लगातार 11वीं,12वीं,13वीं विधानसभा में तीन दफा विधायक रहे, पूर्व विधायक मरहूम भंवरु खां राजस्थान में समाज में अपने जीवन काल में अवाम के दिलो पर राज करने वाले रहे। वक्त की इबारत में कुछ यादगार पल लिखे जाते हैं बऐसे ही भूले बिसरे इतिहास के प्रत्यक्ष साक्षी थे। इलाके में मरहुम भंवरु खा विचलित करने वाले भयावह लम्हों में भी हैरत अंगेज और जिस दिलेरी से राजनैतिक संताप का जांबाजी से सामना करने और इस दौर में में भी पूरी दृढ़ता से उसको चुनौती देने की याद जब-जब जेहन में होगी स्मरण में होंगे। पूर्व विधायक मरहूम भंवरु खां अपनी धाकड़ छवि और बुलंद आवाज के लिए इनकी शख्सियत को दीर्घकाल तक याद किया जाएगा। पूर्व विधायक मरहूम भंवरु खां जिंदादिली की पहचान इनकी वास्तविक पूंजी बनी। मरहुम के खिदमत के जज्बे को परिवार चार चादं लगाते हुए आगे बढाने मे अपने साधनो के बल पर हमेशा तत्पर रहते है। पूर्व विधायक मरहूम भंवरु खां की 11 वीं पुण्यतिथि (बरशी) पर 21 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे दुआ-ए-मगफिरत विशाल रक्तदान चिकित्सा शिविर का प्रोग्राम पैतृक गांव रोलसाहबसर में रखा गया हैं। इस दिन विशाल रक्तदान शिविर प्रातः 9:00 से सांय 4 बजे तक आयोजन किया जाएगा।

राज्यपाल ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के 26 वें वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ किय

# सैनिक राष्ट्र निर्माण के सच्चे भागीदार,बसैनिक शब्द ही रगों में जोश जगाने वाला है: राज्यपाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सैनिक कभी पूर्व नहीं होता। वह जब सेना में नहीं भी होता है तो राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभा रहा होता है। उन्होंने कहा कि सैनिक शब्द ही रगों में जोश जगाने वाला है। उन्होंने माखन लाल चतुर्वेदी की लिखी पुस्तक की अभिलाषा की पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि सैनिक उसी पथ को चुनते हैं जो वीरता से जुड़ा होता है। मां भारती के लिए सर्वस्व समर्पण ही उनका एकमात्र लक्ष्य होता है। राज्यपाल बागडे शनिवार को आर्मी एरिया ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के 26 वें वार्षिक अधिवेशन के शुभारंभ समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण, सम्मान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सैनिकों के परिजनों के लिए भी सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों को सशक्त करने के लिए चलाई जा रहीं केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिकों की ओर से सामाजिक सेवा, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका की सराहना भी की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने कहा कि विश्व बहुत तेज़ी से बदल रहा है और संघर्षों के स्वरूप भी निरंतर बदलते जा रहे हैं। पिछली शताब्दी में दो विश्व युद्ध हुए, फिर विचारधाराओं की लड़ाई सामने आई। चाहे वह कम्युनिज्म हो या पूंजीवाद। ऊपर से शांति, प्रेम और मानवता




की बात की जाती है, लेकिन भीतर ही भीतर दुनिया पर नियंत्रण और स्वामित्व की होड़ चलती रहती है। जब दुनिया सजग होती है तो ये शक्तियां अपने रूप बदल लेती हैं, जैसे पुराणों में राक्षस अलग-अलग वेश धारण करते थे। कभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, कभी वैश्वीकरण, कभी व्यापार और टैरिफ के नाम पर वही खेल चलता रहता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के सामने दो बड़े संघर्ष स्पष्ट दिखाई देते हैं। सभ्यताओं का संघर्ष और उपभोक्तावाद। इसके प्रभाव हमारे पड़ोसी देशों बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और म्यांमार में दिखते हैं और भारत में भी ऐसी कोशिशें की जा रही हैं। इसके पीछे योजनाबद्ध फंडिंग, डिजाइन और इकोसिस्टम काम करता है। ऐसे समय में एक संगठन, एक नागरिक और विशेष रूप से पूर्व सैनिक के रूप में हमारा दायित्व बनता है कि हम सजग रहें और समाज को दिशा दें। उन्होंने कहा कि भारत गुलामी की मानसिकता से निकलकर तेज़ी से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। इस परिवर्तन के लिए सोच, व्यवहार और दृष्टिकोण में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि वैचारिक संघर्ष के इस दौर में नई पीढ़ी को जोड़ना, सकारात्मक विमर्श खड़ा करना, समाज की कमजोर कड़ियों पर काम करना और जो अच्छा चल रहा है उसकी गति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। छोटे-छोटे सामाजिक प्रयोग भी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। विकसित भारत केवल सरकार का नहीं, बल्कि समाज की सहभागिता से ही साकार होने वाला लक्ष्य है।

### वीरों की धरती से राष्ट्रसेवा का आह्वान:

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी, पीवीएसएम, वीएसएम, एसएम ने अपने स्वागत उद्बोधन में अधिवेशन में दूर-दूर से पधारे सभी रणबांकुरों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की धरती है। मेजर शैतान सिंह, पीरू सिंह, महाराणा प्रताप और राणा सांगा जैसे महान योद्धाओं की भूमि है। हांडा रानी पन्ना धाय के त्याग, तपस्या और सर्वोच्च बलिदान की कथा आज भी हमें प्रेरणा देती है। ऐसे वीरों की भूमि पर एकत्र होना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद भारत सरकार से मान्यता प्राप्त पूर्व सैनिक संगठन है, जिसमें सेना, नौसेना और वायुसेना के पूर्व सैनिक जुड़े हैं। संगठन की विशेषता इसका अखिल भारतीय विस्तार है। अरुणाचल प्रदेश से लेकर केरल, मणिपुर, नागालैंड, मेघालय, असम, गुजरात और जम्मू-कश्मीर तक इसकी इकाइयां कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 1995 में स्थापित इस संस्था के प्रथम अध्यक्ष मेजर बीसी खंडूरी रहे, जो बाद में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री बने। उन्होंने संगठन के मूल मंत्र को दो पंक्तियों में समेटते हुए कहा कि हम भारत के पूर्व सैनिक नई प्रेरणा लाए हैं, राष्ट्र की रक्षा करते थे, अब इसे सजाने आए हैं। आज संस्था से लगभग एक लाख चालीस हजार पूर्व सैनिक जुड़े हैं और मातृशक्ति भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। राष्ट्र प्रथम, राष्ट्र सम्मान और राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने राज्यपाल की उपस्थिति को प्रेरणास्रोत बताया और भारत को यश-कीर्ति के शिखर पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

### ग्रे जोन वारफेयर में वेटरन्स की निर्णायक भूमिका:

लेफ्टिनेंट जनरल एच.एस. वांद्रा, एसएम ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में पूर्व सैनिकों के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि उपस्थित कई वेटरंस ऐसे हैं जिन्होंने ऑपरेशनों और युद्धों में भाग लिया है, जहाँ लड़ाई प्रायः आमने-सामने की होती थी। लेकिन आज का युद्ध स्वरूप बदल चुका है, जिसे ग्रे जोन वारफेयर कहा जाता है। यह युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के विभिन्न संचालन क्षेत्रों और रणनीतिक संसाधनों के विरुद्ध निरंतर चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के युद्ध से लड़ने की विधि लगभग 2300 वर्ष पूर्व चाणक्य ने अर्थशास्त्र के माध्यम से बताई थी। दुश्मन की इस रणनीति का सामना करने के लिए समग्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण, अर्थात 'होल ऑफ नेशन अप्रोच', आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वेटरंस देश की रक्षा के लिए सबसे बड़े, सबसे मजबूत और सदैव तैयार रहने वाले संसाधन हैं। संकट के समय उन्होंने सदैव देशभक्ति का परिचय दिया है और ऑपरेशन सिंदूर सहित अनेक अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान किया है। उन्होंने कहा कि वर्षों की सेवा से वेटरन अनुशासन, समर्पण, निष्ठा, बुद्धिमत्ता और सर्वोपरि देशभक्ति अर्जित करता है, जो उसे हर क्षेत्र में सफल बनाती है। इसी कारण अनेक वेटरंस दूसरे करियर में भी पूरी निष्ठा से देश सेवा कर रहे हैं। सैनिक होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी है कि देश निर्माण में योगदान देकर विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करें। समारोह में देशभर से पूर्व सैनिक, रक्षा विशेषज्ञ एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियो ने भाग लिया। इस दौरान परिषद की स्मारिका का भी लोकार्पण किया। अधिवेशन के उदघाटन सत्र के समापन पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राजस्थान प्रांत अध्यक्ष मेजर जनरल अनुज माथुर,वीएसएम ने आभार प्रकट किया।

## ऑल्टो कार चोरी का खुलासा: आरोपी गिरफ्तार, कार बरामद

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** डिडवाना जिले के नावा शहर पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई ऑल्टो कार बरामद की है। यह कार्रवाई डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तौमर के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा और वृत्ताधिकारी मुकेश चौधरी के पर्यवेक्षण में नावा थानाधिकारी नंदलाल चौधरी ने की। जानकारी के अनुसार, 1 दिसंबर 2025 को परिवादी तरुण कुमार कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 30 नवंबर 2025 की रात उनकी जगदंबा मोटर्स वर्कशॉप, गणेश चौराहा, नावा शहर से चोर एक ऑल्टो 800 कार चुरा ले गए थे।

### इस संबंध में नावा शहर

पुलिस थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और सूचना



संकलन के आधार पर आरोपी की पहचान की। इसके बाद कार्रवाई करते हुए फुलेरा निवासी 32 वर्षीय नरेंद्र उर्फ जब्बर सिंह पुत्र प्रभुसिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई ऑल्टो कार भी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले भी सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और अन्य वारदातों में उसकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## एसओजी का बड़ा एक्शन: डमी परीक्षार्थी बिठाकर वरिष्ठ अध्यापक बनने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

### दो साल से फरार चल रहे 5-5 हजार के इनामी आरोपी पुणे और जयपुर से दबोचे गए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)** राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ एसओजी ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) भर्ती परीक्षा 2022 में डमी परीक्षार्थी बिठाकर फर्जी तरीके से चयनित होने वाले दो मुख्य आरोपियों दिनेश कुमार पुत्र बाबू लाल और दिनेश कुमार पुत्र आसूराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि ये दोनों अभियुक्त पिछले दो वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को चकमा दे रहे थे। इनके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था और एसओजी ने इन पर 5-5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था।

### डमी कैंडिडेट के जरिए पास की परीक्षा:

मामला वर्ष 2022 की वरिष्ठ अध्यापक भर्ती से जुड़ा है। जांच में सामने आया कि अभियुक्तों ने 29 जनवरी 2023 को सामान्य ज्ञान और शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षाओं में खुद बैठने के बजाय डमी परीक्षार्थियों को बिठाया था। इस पर ये दोनों वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान विषय) के पद पर चयनित भी हो गए थे, लेकिन जांच की आंच पहुंचते ही फरार हो गए।

### जयपुर और पुणे से हुई गिरफ्तारी:

उपमहानिरीक्षक परिस देशमुख के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जाल बिछाकर दोनों को अलग-अलग स्थानों से दबोचा। आरोपी दिनेश कुमार पुत्र बाबूलाल को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया गया, जबकि आरोपी दिनेश कुमार पुत्र आसूराम को जयपुर से गिरफ्तार किया गया। इस सफल ऑपरेशन में पुलिस निरीक्षक राजबीर सिंह, कांस्टेबल महेश कुमार, माधोसिंह और गंगासहाय की अहम भूमिका रही।

## श्रीगंगानगर के रायसिंह नगर स्थित इच्छापूर्ण गौशाला में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में: पशुपालन मंत्री

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि श्रीगंगानगर के रायसिंह नगर स्थित इच्छापूर्ण गौशाला में अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। दो दिन पहले इस गौशाला में कुछ गौवंशों की अचानक मृत्यु की खबर आते ही प्रशासन ने तुरंत सक्रिय होकर आवश्यक सभी कार्यवाही करते हुए स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया। कुमावत ने बताया कि निदेशक गोपालन को तीन दिन मौके पर रहकर व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्दश दिए गए हैं। निर्देशानुसार निदेशक गोपालन पंकज ओझा के नेतृत्व में एक दल ने इच्छापूर्ण गोकुल गौशाला समिति, भोमपुरा पहुंचकर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला की समस्त व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन कर तत्काल सुधारात्मक एवं आवश्यक प्रशासनिक निर्देश जारी कर दिए गए। दल द्वारा किए गए निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया है कि पूर्व में मृत पाए गए 40 गौवंश की मृत्यु एकसाथ न होकर क्रमिक रूप से हुई थी तथा सभी मृत गौ-शवों का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। कुमावत ने बताया कि पिछले तीन दिनों में गौशाला में किसी भी प्रकार की गौवंश की मृत्यु नहीं हुई है। मंत्री कुमावत ने बताया कि दल ने जिले में कलेक्टर सहित स्थानीय सरपंच और उपखंड अधिकारी के साथ भी इस संबंध में चर्चा कर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से व्यापक साफ-सफाई करवा कर अनुकूल वातावरण की व्यवस्था कर दी है। पशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को प्राथमिकता देते हुए खराब चारे को पूर्णतः हटाकर उत्तम गुणवत्ता का हरा एवं सूखा चारा उपलब्ध कराया गया है। कमजोर गोवंश को अतिरिक्त पोषण के रूप में गुड़ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रायसिंहनगर के शंभुपुरा के चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र सुथार के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई कर दी गई है तथा गौशाला संचालक/प्रबंधक के विरुद्ध संबंधित स्थानीय थाना समझौता कोठी में विधिसम्मत प्रकरण दर्ज कराया गया है। कुमावत ने बताया कि गौशाला की व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा गो-संचालन हेतु नई समिति गठन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। गौवंशों के उपचार के लिए जिला कार्यालय द्वारा पर्याप्त संख्या में पशु चिकित्सा अधिकारियों, पशुधन निरीक्षकों एवं परिचारकों की ड्यूटी लगाई गई है। पर्याप्त मात्रा में दवाइयां मौके पर उपलब्ध हैं तथा उपचार के बाद स्वस्थ हुए गौवंश को नियमित रूप से पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 104 कमजोर गौवंशों का उपचार किया जा चुका है। वर्तमान में उपचार कार्यों हेतु 13 पशु चिकित्सा अधिकारी, 28 पशुधन निरीक्षक एवं 3 पशुधन परिचर का दल मौके पर तैनात है, जो निरंतर उपचार एवं निगरानी कार्य कर रहा है। सर्दी से बचाव हेतु पशु बाड़ों में बेडिंग मटेरियल, दानदाताओं के सहयोग से 400 गर्म कंबल एवं शेड के पर्दों की समुचित व्यवस्था की गई है। मंत्री कुमावत ने बताया कि वर्तमान में सारी व्यवस्थाएं नियंत्रण में हैं और पर्याप्त मात्रा में सूखा चारा, हरा चारा दवाइयां कंबल, शेड सब उपलब्ध है पूर्णतया साफ-सफाई है। जिला प्रशासन के नेतृत्व में गौशाला में कार्य किया जा रहा है।

# राजपुरोहित के जन्मदिन पर धार्मिक व सेवाभाव के कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित का जन्मदिन सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर मधुसूदन राजपुरोहित टीम व विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनभर धार्मिक व जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जन्मदिवस पर कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः धार्मिक अनुष्ठान के साथ सुबह 8 बजे काकड़ भैरव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा भैरुनाथ का आशीर्वाद लेकर प्रातः 9 बजे नन्दलाला गौ सेवा समिति गौशाला में गायों को लापसी खिलाकर गौसेवा की गई। 10 बजे राजकीय उप जिला चिकित्सालय में रोगियों व उनके




परिजनों को फल वितरित किए गए। इसके बाद 10:30 बजे श्री करणी मेडिकोज के आगे पोषबड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर आमजन को प्रसाद वितरित किया गया। इसी दौरान जन्मदिवस की खुशियों को साझा करते हुए केक काटा गया तथा उपस्थित लोगों की ओर से मधुसूदन राजपुरोहित को फूलों की मालाएं पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। इसके साथ ही 11:15 बजे अन्नपूर्णा रसोई में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया गया। राजपुरोहित वर्षों से सामाजिक, धार्मिक व जनसेवा गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका जन्मदिन प्रतिवर्ष सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाता है। जिससे समाज में सकारात्मक संदेश और जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, विप्र समाज के प्रतिनिधि व आमजन उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं व नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र, भरत शर्मा, वैद्य महेंद्र शर्मा, महेंद्र देरासरी, गौरीशंकर शर्मा, मुलायम सिंह राजवी, जितेन्द्र शर्मा, मांगीलाल सेवदा, राजकुमार सोनी, लालचंद मुंड, ईश्वरराम डूडी, प्रताप सिद्ध, किसन जांगिड़, विक्रम सैनी, पवन पारीक, रामप्रताप बोहरा, गोपीचंद डिडवानिया, आचार्य बालकृष्ण कौशिक, हुल्लास चन्द्र व्यास, कैलाश चौमाल, मुकेश भामा, विकास पारीक, मंजु दाधिच, कांता व्यास, राजवीरसिंह, दशरथ सिंह, रामनिवास पारीक, बुलाकी शर्मा, मयंक मोदी, सुरेन्द्र दाधीच, इंद्र सिंह, सुरेश राव, पवन पारीक, अमरचंद मीणा सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाइयां दी।

## परकोटे पर चित्रकारी व सफाई अभियान जारी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के ऐतिहासिक परकोटे को हेरिटेज वॉक वे बनाने के लिए नगरपालिका द्वारा परकोटे पर चित्रकारी व सफाई अभियान जारी हैं।अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि 14 दिसम्बर से लगातार परकोटे की साफ-सफाई व श्रमदान चल रहा हैं।परकोटे से अधिकांश पेड़ हटवा दिए हैं। परकोटे के सौंदर्यीकरण को लेकर कस्बेवासियों की ओर से विधायक गोपाल खंडेलवाल और उपखण्ड अधिकारी व नपा प्रशासक अजित सिंह राठौड़ का आभार जताया गया। रविवार को जनसहयोग से परकोटे पर सफाई अभियान व श्रमदान किया जाएगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री मॉडल टाउन के लिए बिजौलियां चिन्हित




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल की ओर से शनिवार को मुख्य बाजार में पॉलिथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक जब्ती एवं समझाइश अभियान चलाया गया। दुकानदारों व चल विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की अपील की। अधिशाषी अधिकारी पकंज कुमार मंगल ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद नहीं करने पर जुर्माना व दुकान सीज करने की कार्यवाही के साथ ही थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई जाएगी। मंगल ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से राज्य के 7 शहरों में बिजौलियाँ को शामिल कर सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री मॉडल टाउन बनाने के लिए चिन्हित किया गया हैं।

## रेप के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग, कुशवाह समाज ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नाबालिग से रेप के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुशवाह समाज ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। नाबालिग से रेप के आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर गुस्साए कुशवाह समाज ने भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। समाज ने पुलिस प्रशासन को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। भाजपा नेता डॉ.कुशवाह ने बताया कि यह घटना 15 दिसंबर को हुई थी। आरोपी ने नाबालिग को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने घर बुलाया और उसके साथ रेप किया। घटना के बाद फरार आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार को कुशवाह समाज के लोग गांधी पार्क में एकत्रित हुए। भाजपा नेता डॉ. कुशवाह, विधायक शोभा रानी कुशवाह, रामहेत कुशवाह और बीके कुशवाह सहित समाज के लोगों ने मामले की निंदा की। उन्होंने पुलिस से आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। गांधी पार्क में प्रदर्शन के बाद समाज के लोगों ने रैली निकाली और जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन दिन का समय दिया गया। गिरफ्तारी न होने पर कुशवाह समाज ने उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विद्या भारती संस्थान की विद्वत परिषद की ओर से रविवार को प्रबुद्धजन विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। विद्वत परिषद के जिला संयोजक अनुराग शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और जीवन मूल्य, समाज जागरण में विद्या भारती की भूमिका और पंच परिवर्तन और हमारी भूमिका विषय पर विभिन्न विद्वान दोपहर 2 बजे से भार्गव वाटिका में जिले के प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करेंगें। विद्या भारती के जिलाध्यक्ष नाहर सिंह सिकरवार, व्यवस्थापक यदुनाथ शर्मा, जिला सचिव जयवीर शर्मा, सदस्य मुकेश सूतैल और राम शर्मा ने जिले के प्रबुद्धजनों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट नं. E8594171 दिनांक 14.05.2004 में भूलवश मेरा नाम सुख राम पुत्र रावता राम जाट अंकित हो गया है। जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुखाराम पुत्र रावत राम अंकित है जो सही है । भविष्य में मुझे सुखा राम पुत्र रावत राम के नाम से ही जाना व पहचाना जावे। नामों को लेकर किसी प्रकार का विवाद होने पर मेरी जिम्मेवारी होगी। सुखा राम पुत्र रावत राम जाति जाट निवासी अड़मालसर (त. सरदारशहर) जिला चूरू राज.

# कलेक्ट्रेट पर कुशवाहा समाज का उग्र प्रदर्शन, आरोपियों की तीन दिन में गिरफ्तारी की मांग

### गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कुशवाहा समाज के सम्मान और इज्जत की खातिर सभी राजनीतिक द्वेष भावों को भूलकर एक मंच पर एकजुट होकर हजारों की संख्या में धौलपुर जिला कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा कुशवाहा समाज और आरोपी को तीन दिन में गिरफ्तार करने का धौलपुर जिला कलेक्ट्रेट श्रीनिधि बेटी और पुलिस अधीक्षक विकास सागवान को ज्ञापन सौंपा और 15 दिसंबर को धौलपुर में एक आरएसी के पूर्व जवान की ओर से समाज की एक बेटी के साथ दुराचार की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कुशवाहा समाज धौलपुर में सड़कों पर उतर गया। कुशवाहा समाज के नेताओं का स्पष्ट शब्दों में कहना है कि समाज के मान सम्मान की बात होगी तो हम हर समय एक हैं, हमारे राजनीतिक विचारधारा अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन समाज की खातिर हम एकजुट हैं। यदि आरोपी को समय के रहते 3 दिन में गिरफ्तार नहीं किया गया तो धौलपुर में ही नहीं पूरे प्रदेश में बहुत बड़ा आंदोलन होगा, बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी सहित समाज के सभी संगठनों और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुडे कुशवाहा समाज बंधु हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ शिवचरण कुशवाहा और विधायक शोभारानी कुशवाहा, रामहेत, वासुदेव प्रसाद आदि नेताओं ने प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेताया है कि गिरफ्तारी 3 दिन के अंदर होनी चाहिए, प्रशासन ने भी समय के रहते आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा ने बताया कि कुशवाहा समाज के ऊपर जब-जब संकट आया है तो समाज ने अपनी एकता के बल पर संकट दूर किया है, अगर जरूरत पड़ी तो प्रदेश में बहुत बड़ा आंदोलन भी हो सकता है। पंचायत चुनाव में कुशवाहा समाज के एकजुट होने के संकेत, बसेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा ने दिन-रात मेहनत करके समाज को किया एकजुट किया है। इस अवसर पर धौलपुर भाजपा नेता डॉ, शिवचरण कुशवाहा, क्षेत्रीय विधायक शोभारानी कुशवाहा, आरक्षण समिति संयोजक वासुदेव प्रसाद कुशवाहा भरतपुर, प्रदेश प्रवक्ता प्रधान रामहेत कुशवाहा, महिला प्रवक्ता हेमलता कुशवाहा, छात्र नेता बीके कुशवाहा,बसेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा, भरतपुर लवकुश शक्ति संगठन के जुड़े कार्यकर्ता मेघसिंह कुशवाकुशवाहा, पप्पूसिंह कुशवाहा शैली सरपंच, सुरेशचंद्र कुशवाहा, गोरेलाल कुशवाहा, अर्जुन चेयरमैन, भरतपुर जिला अध्यक्ष वीर बहादुर कुशवाहा शेर सिंह कुशवाहा सुरेंद्र सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाज के सरपंच और पूर्व सरपंच व हजारों की संख्या में अन्य कुशवाहा समाज बंधु उपस्थित रहे ।

## धौलपुर अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** हल्लाबोल जन सरोकार मंच की ओर से शनिवार को धौलपुर कोर्ट चेम्बर परिसर में धौलपुर अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का भव्य स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश त्यागी, महासचिव अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष हेमंत पचौरी, कोषाध्यक्ष विनय शर्मा व पुस्तकालय सचिव प्रशांत बघेला का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर हल्लाबोल टीम से एडवोकेट प्रमोद कुमार शर्मा, प्रमोद पचौरी, सुनील जगरिया, रामसेवक राठौर, एडवोकेट हेमंत दुबे, राकेश शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। वहीं धौलपुर कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में राजेंद्र प्रसाद शर्मा, वीरेंद्र त्यागी एडवोकेट, महेश खन्ना एडवोकेट, धर्मेंद्र सिंह गुर्जर एडवोकेट, धीरेन्द्र कुशवाहा एडवोकेट, विशन स्वरूप एडवोकेट, हेमंत सिंह एडवोकेट, मिनेश मीना एडवोकेट, अनिल मीणा एडवोकेट, धीरेंद्र कुमार एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि नई टीम अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए न्यायिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समारोह सौहार्दपूर्ण व उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## नगर पालिका बाड़ी की पहल से दो प्रमुख पार्कों का लोकार्पण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नगर पालिका बाड़ी की ओर से शहर के सौंदर्यीकरण व हरित विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भगत सिंह पार्क और मीराबाई पार्क का भव्य व विधिवत लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका चैयरमेन कमलेश देवी व अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। इन दोनों पार्कों के विकास से शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण की सौगात मिली है। लोकार्पण समारोह में चैयरमेन प्रतिनिधि होतम सिंह, पूर्व वाइस चेयरमैन राजू शर्मा, पार्षद सुरजीत सिंह गुर्जर, अमित मंगल, भाजपा नेता घनश्याम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेन्द्र मीणा, मुन्नालाल मंगल, सफाई प्रभारी यादवेंद्र सिंह तोमर, अश्विनी कुमार पाराशर, टाउन प्लानिंग स्पेशलिस्ट तपेश बिधूडी, सामुदायिक संगठक जोगेंद्र सिंह मीणा, मनु बिधूडी, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, रामकुमार कोली, अंकित कुमार, निखिल यादव, धर्मेन्द्र शिवहरे सहित नगर पालिका के सभी पार्षद, कार्मिक व पत्रकार बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने पार्कों का निरीक्षण कर वहां किए गए सौंदर्यीकरण, हरियाली विकास व नागरिक सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर चैयरमेन कमलेश देवी ने कहा कि पार्क शहर के फेफड़े होते हैं, और नगर पालिका इन्हें विकसित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक संपत्तियों की स्वच्छता व सुरक्षा में सहयोग की अपील की। वहीं अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने कहा कि नगर पालिका बाड़ी को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए योजनाबद्ध रूप से निरंतर कार्य कर रही है। पार्कों के विकास से बच्चों, बुजुर्गों व युवाओं को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिलेगा।

## पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, ढाई माह पूर्व डकैती की वारदात को दिया था अंजाम



जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निस)।** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई (आईपीएस) व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ (बाड़ी) डॉ कमल कुमार एवं महेन्द्र मीणा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी के पर्यवेक्षण में व सदर थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ढाई माह पूर्व हुई डकैती की वारदात का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक की ओर से 5 हजार रूपये का इनाम घोषित था। घटना 28 सितम्बर 2024 को एक तहरीर रिपोर्ट रामवरन सिंह गुर्जर पुत्र शंकर सिंह गुर्जर उम्र 58 साल निवासी सण्डपुरा पोस्ट मत्सुरा थाना बाड़ी सदर जिला धौलुपर ने इस आशय पेश की है कि 27 सितम्बर 2025 की रात करीब 12-30 पर बदमाश हथियार सहित घर की पीछे की दीवार से घर की छत पर चढ़े और उपर के कमरे की बाहर से कुंदी लॉक करके घर के अन्दर झीना के सहारे घुस गए। वहां एक कमरे में रेनू पत्नी बृजेश सो रही थी। जिसको कट्टा दिखाकर डरा धमकाकर अलमारी की चाबी ले ली। जिससे घर की अलमारी से नगद रूपये व सोने के गहने को लेकर मौके से भाग गये। इस पर मामला धारा बीएनएस में दर्ज किया गया। उक्त वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश के लिए आसूचना तन्त्र लगाए गए। घटना स्थल से तकनीकी साक्ष्य प्राप्त किए गए। वारदात के खुलासे व बदमाशों की तलाश हेतु पुलिस टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों की ओर से भारी भरसक प्रयास, तकनीकी साक्ष्य व आसूचना तन्त्र के आधार पर 19 दिसम्बर 2025 को आरोपी मनोज उर्फ चैंटा पुत्र निहाल सिंह गुर्जर उम्र 22 साल निवासी बटेश्वर खुर्द थाना बाडी सदर जिला धौलपुर को तफ्तीश के बाद धारा बीएनएस में गिरफ्तार किया गया है। जिससे घटना के सम्बन्ध में पूछताछ जारी है। उक्त घटना में तीन अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## महाविद्यालय और बालिका विद्यालय की समस्या को लेकर भजनलाल शर्मा को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** जिला स्तरीय महिला सम्मेलन धौलपुर में आए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को हेलीपेड पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजन ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा और बालिका विद्यालय की समस्याओ मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा में करीबन 9 वर्ष हो चुके हैं महाविद्यालय कस्बे से करीबन 10 किलोमीटर दूर है लेकिन अभी तक महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था नहीं है, जब से महाविद्यालय आया है तब से आज तक एनसीसी विषय नही खोला गया है। बरसों से छात्र छात्राएं एनसीसी के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं। एनसीसी विषय खोला जाए, इतिहास और हिंदी साहित्य विषय में एमए खोला जाए, बीएससी के छात्रों के लिए महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब खोला जाए, क्षेत्र में एकमात्र राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय है जिसमें गणित और विज्ञान विषय खोले जाए। (6) राजाखेड़ा विधानसभा के अंदर एक भी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गणित विषय नहीं है राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा में गणित विषय को खोला जाए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी ने पत्र को पढ़कर पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द आपकी समस्या को पूरा किया जाएगा।

## नगर परिषद का पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर विभिन्न कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** नगर परिषद का पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक निजी मैरिज होम में सभी वार्डों के पार्षदों की बैठक हुई। वहीं, सभापति खुशबू सिंह को नगर परिषद टाउन हॉल में विदाई दी गई। निजी मैरिज होम में आयोजित बैठक में वार्ड पार्षदों ने अपने पांच साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद के सभापति और प्रशासनिक अधिकारियों पर काम न करने के आरोप लगाए। बैठक के समापन पर सभी पार्षदों ने एक-दूसरे के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। पार्षदों की बैठक के बाद नगर परिषद टाउन हॉल में सभापति खुशबू सिंह के लिए विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभापति प्रतिनिधि निशांत सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम नगर परिषद के कार्मिकों और अधिकारियों की ओर से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पार्षदों सहित सभी उपस्थित लोगों ने सभापति खुशबू सिंह के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत नगर परिषद के कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी।

## जिला कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में, जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर की ओर से भाजपा मनरेगा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साज़िश के विरोध में शांति विरोध प्रदर्शन गांधी पार्क धौलपुर में किया जाएगा।

## चित्रगुप्त फाउंडेशन गोरखपुर के महायज्ञ-कथा से लौटे अशोक कुलश्रेष्ठ का धौलपुर में भव्य सम्मान

### सामाजिक एकता और सौहार्द का दिया गया संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** श्री चित्रगुप्त फाउंडेशन, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) दकी ओर से 11 से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित श्री चित्रगुप्त महायज्ञ, भागवत कथा व सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता कर लौटे अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के राष्ट्रीय सहसचिव संगठन अशोक कुलश्रेष्ठ का धौलपुर स्थित निवास पर कायस्थ समाज के बंधुओं की ओर से भव्य सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान कायस्थ समाज के सदस्यों ने ग्यारह कुंडीय श्री चित्रगुप्त भगवान के सवा लाख मंत्रों से संपन्न यज्ञ, भगवद् कथा एवं सांस्कृतिक महोत्सव के अनुभव साझा किए। साथ ही अशोक कुलश्रेष्ठ को राष्ट्रीय सहसचिव संगठन के पद पर पदोन्नति मिलने पर साफा बांधकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया और सामाजिक एकता व आपसी सौहार्द के लिए और अधिक ऊर्जा से कार्य करने का आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री चित्रगुप्त भगवान के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात श्री चित्रगुप्त भगवान की स्तुति की गई। समारोह में महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा), अशोक सक्सेना (पूर्व जिला अध्यक्ष, श्री चित्रगुप्त समिति धौलपुर), नत्थीलाल कुलश्रेष्ठ, जगदीश प्रसाद कुलश्रेष्ठ, दिवाकांत सक्सेना (जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा, धौलपुर), द्वारिका प्रसाद कुलश्रेष्ठ एवं सुरेन्द्र श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त रेलवे पुलिस) को धार्मिक पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोक सक्सेना ने कहा कि सामाजिक एकता के लिए अहंकार का त्याग कर सहयोग की भावना से आगे आना होगा। महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ ने कहा कि सभी को साथ लेकर चलने की मानसिकता ही समाज को एक सूत्र में बांधती है। वहीं दिवाकांत सक्सेना ने कहा कि हम सभी श्री चित्रगुप्त भगवान की संतान हैं, मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए। सम्मान समारोह का संचालन दिनेश सक्सेना (राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा) ने किया। कार्यक्रम में अशोक सक्सेना, महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ, दिवाकांत सक्सेना, जगदीश प्रसाद कुलश्रेष्ठ, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, आवेश कुलश्रेष्ठ, अभिषेक सक्सेना, मुकेश सक्सेना, द्वारिका प्रसाद कुलश्रेष्ठ, अंकित कुलश्रेष्ठ, नत्थीलाल कुलश्रेष्ठ, आकाश श्रीवास्तव व शुभम कुलश्रेष्ठ सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
21 दिसम्बर, 2025

# क्षेत्र वासियों का स्नेह मेरा संबल, आशीर्वाद मेरी पूंजी : अभिनेश महर्षि





जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कस्बे के पोद्दार गेस्ट हाउस मैदान में अभिनेश महर्षि के जन्मदिवस का अभूतपूर्व स्वागत समारोह का आयोजन अभिनेश महर्षि जन्मदिवस आयोजन समिति की ओर से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अभिनेश महर्षि की ओर से आसपास के क्षेत्र के मठ मंदिरों से पधारे दर्जनों साधु संतों को शॉल ओढ़ाकर और सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में पधारे प्रमुख संतों में बुद्धगिरि मंडी के महंत दिनेश गिरी, खांसोली धाम चूरू से नवरत्न गिरी, दंडी स्वामी जोगेंद्रश्रम राजलदेसर, निश्चल नाथ, चीमा बाबा, सुरेंद्रनाथ, शंभूनाथ, सुखनाथ, दयानाथ, नरेंद्र नाथ, गंगानाथ, शिवनाथ, सालासर धाम से लक्ष्मी नारायण पुजारी, मांगीलाल पुजारी यशोदा नंदन पुजारी, गोपी किशन पुजारी साथ ही साथ स्थानीय मंदिरों के पुजारी और गोगामेड़ी के भक्तों का भी महर्षि ने शॉल ओढ़ाकर कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पधारे भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओम सारस्वत ने महर्षि को बधाई देते हुए कहा कि आज पंडाल में उपस्थित यह जन सैलाब आपकी लोकप्रियता को प्रदर्शित कर रहा है। जिले भर में आपके चाहने वालों ने गत सप्ताह विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से आपके जन्म दिवस को यादगार बना दिया है। आज का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सदैव हम सब की स्मृति में अंकित रहेगा। लोकसभा प्रत्याशी रहे देवेंद्र झाझरिया ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा की अभिनेश महर्षि संघर्षशील और विकासवादी सोच के नेता हैं । इनकी कार्यशैली सबको अपना बना लेती है। संत समाज की ओर से महंत दिनेश गिरी ने महर्षि के दीर्घायु वंस्वस्थ जीवन की मंगल कामना करते हुए जनसेवा करते रहने का आशीर्वाद दिया। महर्षि ने कहा कि भाजपा और रतनगढ़ की जनता ही मेरा परिवार है। हजारों की संख्या में विधानसभा के और जिले के कोने कोने से पधारे सभी कार्यकर्ताओं से सम्मान पाकर अभिभूत हूं यह स्नेह ही मेरा संबल है और आपका आशीर्वाद ही मेरी पूंजी है। मैं सदैव रतनगढ़ का ऋणी रहूंगा। 4 घंटे अनवरत चले स्वागत अभिनंदन समारोह में हजारों कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का तांता लग गया सभी में स्वागत की होड़ लगी रही स्वागत में 101, 51, 21 और 11 किलो की पुष्पमालाएं, गुलदस्ते, धार्मिक प्रतिमाएं, दुपट्टे , साफा, सॉल, श्रीफल, चलचित्र, मोमेंटो, तलवार, गदा और विभिन्न प्रकार की उपहार सामग्री बड़ी संख्या में महर्षि को भेंट की गई। भाजपा कार्यालय से सभा स्थल तक बाजार के व्यापारियों की ओर से भी अभिनेश महर्षि का सम्मान कर बधाई दी गई कार्यकर्ताओं द्वारा सभा स्थल के मुख्य द्वार से ढोल तासों और पुष्प वर्षा के साथ महर्षि को मंच तक लाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से भाजपा के प्रमुख नेता उपस्थित रहे जिनमें विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री रामगोपाल सुथार, राज्य मंत्री राजेंद्र नायक,चूरू विधायक हरलाल सारण, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, सुजानगढ़ पंचायत समिति प्रधान मंत्री मनभरी देवी, फतेहपुर भाजपा प्रत्याशी श्रवण चौधरी, सुजानगढ़ भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल, तारानगर भाजपा प्रत्याशी रहे राकेश जांगिड़, जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा, भागीरथ सिंह, संतोष तालनिया, जिला प्रवक्ता ओम महर्षी, विमला गढ़वाल, महावीर पूनिया, सुरेश सारस्वत, पूनम गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अख्तर खान, अर्जुन सिंह फ्रांसा, शिवभगवान कम्मा, बजरंग गुर्जर, दीनदयाल पारीक, हिम्मत सिंह मालासी , राजलदेसर से गोपाल मारू पुर्व चेयरमैन, धनपत शर्मा पार्षद, कुलदिप स्वामी पार्षद, एडवोकेट सतीश मारू, हरिप्रसाद दायमा, भजनदास स्वामी, जगजीत सिंह पड़िहारा और आठों मंडल अध्यक्षों सहित हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## जरूरतमंदों को वितरित की कम्बल और राहत सामग्री



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ की ओर से सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से निरंतर कंबल व राहत सामग्री वितरण अभियान चलाया जा रहा है। सेवा वही जो अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे के संकल्प के साथ ट्रस्ट ने लक्ष्मणगढ़ की तीन कच्ची बस्तियों और भूतनाथ मंदिर परिसर में कार्यरत जरूरतमंद महिलाओं को सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री वितरित की। इसी कड़ी में ट्रस्ट के संरक्षक प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, रामनिवास शर्मा, योग गुरु प्रमोद काछवाल, लखी प्रसाद बादुसरिया, रमेश ढढ, रामावतार नाऊवाला, भगवती प्रसाद जाजोदिया, शुभम बादूसरिया, अमित खींची के सानिध्य में जरूरतमंदों को गर्म कंबल, शॉल, जुराब, तिल के लड्डू व गुड़ की सेल आदि सामग्री वितरित की गई। सहायता पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी।और ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का अनुकरणीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, कमल कुमावत, पवन कस्बा सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगर के नागरिक व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़ में एबीवीपी इकाई घोषित




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की महाविद्यालय ईकाई का अभ्यास वर्ग राजकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। परिषद के भाग संयोजक गगन चौधरी व पूर्व ईकाई अध्यक्ष विरेन्द्र बाटड़ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में खुशी मील को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नंदनी जांगीड़, सचिव प्रितम बलारा, मोहित गुर्जर को संयुक्त सचिव बनाया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के अनमोल चौधरी, रितिक डुडवा, विनय, सरफराज , अनुराग, नीरज, युवराज , हिमांशु, धीरज, लोकेन्द्र, अभिषेक, सोनू, रोहित, शाहिन, समीर,मनीष, रामदयाल, प्रदीप, महेश, सुनील, मोनु, नितिन, प्रवीण, राहुल, निकिता, सोनू, कीर्ति , कोमल, आरती, सोनू, पूजा, ज्योति, नाजिया, मनिषा, रुचिका सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के वार्ड 21 में स्थित वर्षा गेस्ट हाउस में केंद्रीय मंत्री संसदीय मामलात और विधि व न्याय स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल के जन्मदिवस पर नेत्र जांच व चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 200 लोगों ने अपनी जांच करवाकर विशेषज्ञों से उपचार लिया और परामर्श लिया। अतिथियों ने दीप प्रवज्लित कर शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर के आयोजक एडवोकेट त्रिलोक रैगर ने कहा बाबा साहेब के बाद दूसरे दलित वर्ग के कानून मंत्री मेघवाल है जो हर गरीब को गणेश मानकर सेवा करते है इनका ध्येय नर सेवा नारायण सेवा है जो हर समय दलित वंचित और गरीब को सेवा करने के लिए तत्पर रहते है। इस मौके पर सुरेश मित्तल, शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, ज़मरदीन तेली, पार्षद हरि इंदौरिया सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट व तोड़फोड़ का फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** चूरू जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह की एक के बाद एक बड़ी कार्रवाई जारी है। जिला स्पेशल पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मारपीट और तोड़फोड़ मामले में 2023 से फरार चल रहे वार्ड 45 गौशाला बास निवासी 23 वर्षीय संजय पुत्र राजकुमार सैनी को गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चूरु एसपी जय यादव के निर्देशन पर हेड कांस्टेबल मंगलसिंह के साथ मिलकर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में वार्ड 45 निवासी 23 वर्षीय संजय पुत्र राजकुमार सैनी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 2023 से मारपीट व तोड़फोड़ मामले में फरार चल रहा था। जिसका टीम द्वारा लगातार पीछा कर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्पेशल टीम की ओर से अब तक जिले में कुल 330 से ज्यादा लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# युवा कौशल विकास व संस्कृति के साथ विकसित समाज का निर्माण करें : सहारण

### लोहिया महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम

### विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विजेताओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय लोहिया महाविद्यालय में शनिवार को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सहारण ने कहा कि युवा महोत्सव युवाओं की प्रतिभा को निखारने और कला व कौशल को बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा आगे आएं। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि युवाओं में अपार ऊर्जा और रचनात्मकता होती है। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। बसंत शर्मा ने कहा कि युवा महोत्सव जैसे आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीडीओ संतोष महर्षि ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान देते हैं। मंच पर प्रस्तुति देने से आत्मविश्वास बढ़ता है और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों और युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान निर्वतमान उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, उपनिदेशक गोविंद सिंह राठौड़, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सीडीईओ संतोष महर्षि, सुमेर सिंह, कमल शर्मा, सुरेश सारस्वत, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी, प्रमेन्द्र शर्मा व बजरंग हर्षवाल ने किया।

## सुजानगढ़ शिविर में 12 लोगों को मिले पट्टे




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के अन्तर्गत वार्ड नं. 29 से 35 तक का शिविर नगर परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। शिविर में 12 पट्टा पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 3, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 4, जीवीपी 3, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 30, जनआधार संशोधन व अद्यतन 23, एन.एफ.एस.ए. आधार सिडिंग, ई-केवाईसी. 21, प्रधानमंत्री स्वनिधि 4, स्ट्रीट लाईट मरम्मत 1 के प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किए गए। इसी प्रकार उर्जा विभाग के विद्युत सप्लाई मे व्यवधान 4, पेयजल पाईप लाईन लीकेज 1 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। शिविर में पार्षद रिछपाल बिजारणियां, दीनदयाल पारीक पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता चारवी, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़, फायरमेन बबीता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, देविका व नगर परिषद और अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

## विजेता विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से राजकीय झंवर बालिका विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय सोशल मीडिया के प्रभाव और दुष्प्रभाव व जल संरक्षण रहा। लायंस क्लब के जॉन चेयर पर्सन कमल तापड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भावना प्रजापत पुत्री पृथ्वीराज प्रजापत, (पी सी बी उच्च माध्यमिक विद्यालय), द्वितीय देविका जांगिड़ पुत्री पंकज जांगिड़, (झवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय), तृतीय स्थान पर वंदना सोनी पुत्री मनोज सोनी (पी सी बी उच्च माध्यमिक विद्यालय) व सानिया मौलानी पुत्री इरफान मौलानी (एवरग्रीन पब्लिक स्कूल) रही। प्रोत्साहन पुरस्कार के दिव्या प्रजापत पुत्री मनोज प्रजापत, खुशबू प्रजापत पुत्री चंपालाल प्रजापत, अलवीरा खान पुत्री मुमताज खान (पी एम श्री कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय) नाजनीन खान (गांधी बालिका विद्यालय) विजेता रहे। कार्यक्रम की संयोजिका सुनीता रावतानी ने बताया कि कार्यक्रम में झंवर स्कूल के अलावा पीसीबी स्कूल, गांधी बालिका विद्यालय, भीमसरिया स्कूल, कंदोई बालिका विद्यालय, एवरग्रीन स्कूल, दयानंद विद्याविहार स्कूल, भूरमल मिश्र उच्च माध्यमिक के 87 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को लायंस क्लब सुजानगढ़ की ओर से रविवार को होने वाले कार्यक्रम चार्टर संध्या -परचम.. में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में कमला सिंघी, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता तापड़िया, चित्रा जगवानी, मोनिका सोनी ने निभाई। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने सभी विजेता बच्चों को बधाई दी है।

## सिंगोदड़ा में महिला किसानों दी गई प्राकृतिक खेती की प्रायोगिक ट्रेनिंग




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के सिंगोदड़ा गांव में बजाज फाउंडेशन के तत्वाधान में प्राकृतिक खेती की एक विशेष किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बजाज फाउंडेशन के ब्लॉक अधिकारी मोहनलाल दोगाया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार 'मधु' ने महिला किसानों को प्राकृतिक खेती के सभी प्रमुख आदान जैसे जीवामृत, बीजामृत व प्राकृतिक कीट नियंत्रण उपाय स्वयं बनाकर प्रायोगिक (हैंड्स-ऑन) रूप से समझाए।प्रशिक्षण के दौरान महिला किसानों ने खुद अपने हाथों से प्राकृतिक आदान तैयार किए और उनके सही उपयोग की विधि सीखी। मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार 'मधु' ने बताया कि प्राकृतिक खेती के साथ बागवानी एवं इंटरक्रॉपिंग प्रणाली अपनाकर किस प्रकार कम लागत में अधिक आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि मुख्य फसल के साथ सहफसली खेती (इंटरक्रॉपिंग) करने से जोखिम कम होता है और नियमित आय प्राप्त होती है।इस किसान पाठशाला में कुल 33 महिला किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के उपरांत महिलाओं में प्राकृतिक खेती को लेकर उत्साह, जागरूकता व आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कई महिला किसानों ने आगामी सीजन में प्राकृतिक खेती अपनाने व अपने खेतों पर प्रयोग शुरू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को कम लागत, टिकाऊ व रसायन-मुक्त खेती की ओर प्रेरित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। यह प्रशिक्षण प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय और सफल पहल सिद्ध हुआ।

## लीलाधर खण्डेलवाल बने चूरू जिलाध्यक्ष



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री बृजेश पारीक ने सुजानगढ़ के लीलाधर खण्डेलवाल को संगठन का चूरू जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। लीलाधर शर्मा की नियुक्ति पर समाज बन्धुओं ने खुशी जाहिर की है। इसी प्रकार बसंत दाधीच को चूरू मीडिया प्रभारी, राकेश कुमार देराश्री को जिला प्रभारी, दीपक शर्मा लोढ़सर को चूरू जिला मंत्री पद पर नियुक्ति प्रदान की है।

## गौड़ ब्राह्मण महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**चूरू(निस)।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान चूरू का स्थानिय दादा बाड़ी में प्रतिभा सम्मान समारोह सुबह 10 बजे आयोजित होगा। मीडिया प्रभारी डॉ श्रवण महर्षि ने बताया कि संत योगी निवृत्ति नाथ महाराज, प्रणवाश्रम, गनेड़ी, दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज, भद्रकाली शक्तिपीठ, राजलदेसर के सानिध्य में होगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय हरितवाल, होंगे जबकि अध्यक्षता महासभा चूरू के जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल करेंगे। विशिष्ठ अतिथि उपाध्यक्ष विजय बासोतिया, कुलपति, श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय, निंबाहेड़ा प्रोफेसर महेश दीक्षित, डॉ मंजु शर्मा, प्रिंसिपल, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू महामंत्री राम स्वरूप जोशी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पंकज पचलंगिया होंगे। समारोह की समस्त तैयारिया पूर्ण कर ली गईं हैं। उन्होंने बताया कि महिला पुरुष के लिए अलग अलग बैठने की व्यवस्था की गई है। जिलाध्यक्ष सुधाकर सहल ने गौड़ ब्राह्मण समाज के सभी सम्माननीय बंधुओं से सपरिवार पधारकर सम्मानित होने वाली समाज की प्रतिभाओं का उत्साह बढ़ाने का आव्हान किया।

## राजलदेसर गौ शाला में गायों की सेवा

**राजलदेसर(निस)।** प्रदेश कांग्रेस सचिव त्रिलोक चन्द सोनी का जन्मदिन उनके पैतृक गांव में मनाया गया। सोनी के जन्मदिन पर उनके परिवार के सदस्य और पार्टी पदाधिकारी श्रीराजलदेसर गौशाला पहुचे। गौशाला में गायों को गुड़ चारा खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर राजेश स्वामी प्रदेश महासचिव पर्यावरण प्रकोष्ठ, हुलासमल सोनी, प्रेमप्रकाश सोनी, राधेश्याम शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय श्रीराम कथा प्रारम्भ

**रतनगढ़(निस)।** शहर के श्रीपंचमुखी बालाजी मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ शनिवार को ध्वज यात्रा के साथ हुआ। कथा के प्रारंभ में श्रीतालवाले बालाजी मंदिर से संत दिनेशगिरी व संत परमेश्वरगिरी महाराज के सानिध्य में ध्वज यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची। ध्वज यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा के प्रथम दिन पंडित लाटा ने कथा के महात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से व्यक्ति के वर्तमान के साथ-साथ भविष्य भी सुधरता है और जीवन को नई दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि राम नाम में ब्रह्मा, विष्णु व महेश सम्माहित है। जहां भी राम नाम के स्मरण का अवसर मिले, इसका लाभ उठाना चाहिए, क्योंकि इससे बड़ी कोई शक्ति नहीं है और श्रृष्टि भी इसी नाम में ही सम्माहित है। 28 दिसंबर तक चलने वाली कथा का वाचन दोपहर साढ़े 12 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक किया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।